


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 25 फरवरी 2024 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष-1 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-327 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 26 फरवरी 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# ढांड, टुटेजा व ढेबर के ठिकानों पर एसीबी-ईओडब्ल्यू का छापा

रायपुर,25 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में केंद्रीय एजेंसी के बाद अब राज्य की एंटी करप्शन ब्यूरो और ईओडब्लू ने छापेमारी की है.

सूत्रों के मुताबिक तड़के एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीम ने राजधानी रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग समेत कई जिलों में शराब घोटाले में लिप्त लोगों के ठिकानों में एक साथ रेड मारा है.

मिली जानकारी के अनुसार, एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीम ने तड़के सुबह शराब घोटाले में दर्ज एफआईआर मामले में जारी 13 वारंट स्थानों पर एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीम ने दबिश है. इसमें रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग समेत कई जिलों में कारोबारियों के यहां कार्रवाई की जा रही है. बताया जा रहा है कि बिलासपुर, सरगांव स्थित भाटिया डिस्टलरी, कोटा स्थित वेलकम डिस्टलरी, कुम्हारी दुर्ग स्थित केडिया डिस्टलरी, रायपुर स्थित अनवर ढेबर,पूर्व मुख्य सचिव विवेक ढांड समेत अनिल टुटेजा के ठिकानों पर एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीम ने दबिश दी है. यह छापेमारी, ईडी द्वारा बीते वर्ष में किए गए छह हजार करोड़ के शराब घोटाले के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए कि गई है। ईओडब्लू ने दो दिन पहले ही विधि अधिकारियों के साथ बैठक कर एफआईआर की गहन समीक्षा की थी। टीम कल शाम से अलर्ट पर ऱखी गई थी। इनके साथ ही स्वर्ण भूमि परिसर स्थित ष्ठ 170/171 में सिध्दार्थ (शिबु) सिंघानिया को भी घेरे है। शिबु शराब दुकानों के लिए



शराब घोटाला मामले में हुई कार्रवाई, भाटिया ग्रुप भी निशाने पर

प्लेसमेंट कर्मी उपलब्ध कराने वाली फर्म में साझेदार था। मूलतः यह फर्म ,हाल में जमानत पर रिहा हुई आईटीएस अफसर और शराब निगम के पूर्व एमडी एपी त्रिपाठी की पत्नी की बताई गई है। ईओडब्लू के सूत्रों ने बताया कि देर शाम तक पूरी जानकारी दी जाएगी। बीते शुक्रवार को एसीबी की ओर से डीएसपी ने विशेष न्यायाधीश निधि शर्मा की अदालत से एफ़आइआर नंबर 4/24 के संबंध में तेरह सर्च वारंट हासिल किए थे। इनमें अनिल टूटेजा विवेक ढांढ और अनवर ढेबर के नाम के साथ डिस्टलरी संचालकों के नाम दर्ज बताए गए हैं।

एफआईआर 4/24 बीते सत्रह जनवरी को एसीबी में दर्ज की गई है। यह एफ़आइआर ईडी के डिप्टी डायरेक्टर हेमंत की सूचना पर एसीबी के डीएसपी फ़रमान क़ुरैशी ने दर्ज की है।इसमें आईपीसी की धारा 420,467,468,471,120 बी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1980 संशोधित अधिनियम 2018 की धारा 7 और 12 लगाई गई है। इस एफ़आइआर में 70 नामज़द हैं जबकि 71 वें कॉलम में -एवं अन्य दर्ज है।

इनमें अनिल टूटेजा,अनवर ढेबर,अरुण पति त्रिपाठी,कवासी लखमा,निरंजन दास,विवेक ढांढ,यश टुटेजा,विजय भाटिया निदेश पुरोहित,यश पुरोहित,आशीष सौरभ केडिया,मेसर्स छत्तीसगढी डिस्टलरी प्राइवेट लिमिटेड,मेसर्स भाटिया वाईन मर्चेंट्स, वेलकम डिस्टलरी,अख्तर ढेबर, विकास अग्रवाल तथा क़रीब 22 आबकारी विभाग के अधिकारियों के नाम बतौर अभियुक्त शामिल हैं।कुल 71 आरोपियों की सूची में 68 वें नंबर के कॉलम पर अज्ञात कांग्रेस के पदाधिकारीगण लिखा गया है। एसीबी की ओर से दर्ज एफ़आइआर ईडी के प्रतिवेदन की हुबहू कॉपी है। जिसमें मुख्य रुप से यह बताया गया है कि अनिल टुटेजा ने अनवर ढेबर और अरुणपति त्रिपाठी के साथ मिलकर सिंडिकेट के रुप में काम किया। इस सिंडिकेट को संरक्षण देने का कार्य विवेक ढांढ करते थे।राज्य में मदिरा बिक्री में अवैधानिक कमिश्नर की उगाही तथा बिना हिसाब की मदिरा की सरकारी दुकानों में सप्लाई कर 2161 करोड़ रुपए की अवैध कमाई कर सरकार को क्षति पहुँचाई गई।एफ़आइआर में उल्लेख है सूत्रों से यह जानकारी प्राप्त हुई है कि अवैध मदिरा व्यवसाय एवं प्राप्त कमिशन में अनिल टुटेजा और अनवर ढेबर के माध्यम से कई कांग्रेस के पदाधिकारीगण आबकारी अधिकारीगण को अवैध राशि पहुँचाई गई है।

## दोषियों पर होगी कार्रवाई : सीएम

इस पूरे मामले पर साय सरकार की तरफ से भी प्रतिक्रिया सामने आई हैं। शराब घोटाले के मामले में एसीबी और ईओडब्ल्यू की कार्रवाई को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि जांच एजेंसी अपना काम कर रही है। जांच में जो भी दोषी होंगे उन पर कार्रवाई की जाएगी। इस पूरे विषय पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, प्रवर्तन निदेशालय हो या ईओडब्लू जाँच एजेंसिया सबूतों के आधार पर ही कार्रवाई करती हैं। जहां-जहां सबूत मिलेगा, वो करवाई करेगी। विपक्षी दलों के महागठबंधन इंडिया ब्लॉक पर निशाना साधते हुए अरुण साव ने कहा कि जब से गठबंधन बना है, आपस में उलझ रहे है,उन्हें एक-दूसरे पर भरोसा नहीं हैं। इसलिए जनता भी ऐसे गठबंधन पर भरोसा नही करेगी।

### इन स्थानों पर दबिश

1 अरुणपति त्रिपाठी सेक्टर 9 भिलाई,2 निरंजन दास देवेन्द्र नगर रायपुर,3 सौरभ बख्शी कोरबा,4 अनिल टुटेजा कटोरा तालाब रायपुर,5 विवेक ढांढ ओल्ड पीएचक्यू के पास रायपुर,6 अशोक सिंह अमलीडीह रायपुर, 7 अनवर ढेबर बैरन बाज़ार रायपुर,8 अरविंद सिंह अवंति विहार रायपुर,9 राजेंद्र जायसवाल वेलकम डिस्टलरी अग्रसेन चौक तथा ग्राम छेरका बिलासपुर,10 मेसर्स विधु गुप्ता ग्रेटर नोएडा,11 भूपेन्द्र पाल सिंह भाटिया ग्राम सारागांव बिलासपुर,12 नवीन केडिया इंडस्ट्रियल एरिया कुम्हारी और 13 सिद्धार्थ सिंघानिया स्वर्णभुमि रायपुर।

## संक्षेप

### भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक

### लोस की सभी 11 सीटें जीतने का लक्ष्य

रायपुर,25 फरवरी। भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की दिल्ली में महत्वपूर्ण बैठक हुई है. आने वाले लोकसभा चुनाव में 11 में से 11 सीट जीतने का लक्ष्य रखा गया है. यह बात दिल्ली से लौटे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मीडिया से चर्चा में कही. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा में शराब घोटाले के मामले में एसीबी और ईओडब्ल्यू की कार्रवाई को लेकर कहा कि ACB और अपना काम कर रही है. जांच सतत चलती रहती है. वहीं मुख्यमंत्री के साथ दिल्ली की बैठक में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि भाजपा हर चुनाव को गंभीरता से लेते हैं. पार्टी पूरी तरीके से लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी हुई है. उन्होंने इंडि गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि यह जिस दिन से बना है, उस दिन से यह आपस के झगड़े ही निपटा रहे हैं. और यह हर तरह के वादे करते हैं, और सपने देख रहे हैं. सरकार बनाने का तो देश की जनता को इन पर भरोसा नहीं है, आपस में एक-दूसरे पर भरोसा नहीं है. तो देश की जनता किसी भी कीमत पर इन पर भरोसा नहीं करेगी. अरुण साव ने दिल्ली में हुई बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के साथ अब तक के चुनाव की तैयारी की समीक्षा हुई है, और आगे किस प्रकार से लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए जुटे हैं. इसको लेकर योजना बनी है. भाजपा योग्य और जीतने वाले प्रत्याशियों को चुनाव के मैदान में उतारेगी. हमें पूरा विश्वास है छत्तीसगढ़ की जनता इस बार भारतीय जनता पार्टी को 11 की 11 सेट देगी.

### बढ़ाई गई राशनकार्ड नवीनीकरण की तारीख

रायपुर,25 फरवरी। छत्तीसगढ़ में जो लोग राशनकार्ड का नवीनीकरण नहीं करा पाए हैं, उन्हें सरकार ने बड़ी राहत दी है। छत्तीसगढ़ सरकार ने राशनकार्ड के नवीनीकरण की तारीख 15 मार्च तक बढ़ा दी गई है। इस संबंध में खाद्य, नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाइल एप तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाइट https://khadya.cg.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। राशनकार्डधारी अपने मोबाइल में इस एप के जरिए नवीनीकरण के लिए इलेक्ट्रानिक आवेदन आनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। ऐसे हितग्राही जिनके पास एंड्राइड मोबाइल नहीं है अथवा जहां पर मोबाइल कनेक्टिविटी नहीं है वहां उचित मूल्य दुकान स्तर पर आनलाइन प्रक्रिया के जरिए राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए इलेक्ट्रानिक आवेदन प्रस्तुत करने की सुविधा भी दी जा रही है।

# नशे की लत छुड़ाने के लिए परिवारों का मजबूत सहारा जरूरी: मोदी

नयी दिल्ली,25 फरवरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं को नशे की लत का शिकार होने से बचाने की जरूरत पर जोर देते हुए रविवार को कहा कि इससे निपटने के लिए परिवारों के मजबूत सहयोग की आवश्यकता होती है। प्रधानमंत्री ने 'गायत्री परिवार' की ओर से आयोजित 'अश्वमेध यज्ञ' कार्यक्रम में वीडियो संदेश में यह बात कही। उन्होंने कहा, ''मादकपदार्थ मुक्त भारत के निर्माण के लिए यह अहम है कि परिवार किसी संस्थान की भांति ही मजबूत बनें।'' उन्होंने कहा कि जब परिवार कमजोर होता है तो मूल्यों का क्षरण होने लगता है और फिर उसका प्रभाव व्यापक तौर पर पड़ता है।

प्रधानमंत्री ने परिवार की अवधारणा और उसके महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि जब परिजन कई दिन तक मेल मुलाकात नहीं करते तब खतरे पैदा होते हैं इसलिए परिवारों को मजबूत होने और देश को नशा मुक्त बनाने की जरूरत है। उन्होंने



कहा कि 'अश्वमेध यज्ञ' एक भव्य सामाजिक अभियान बन गया है साथ ही उन्होंने लाखों युवाओं को नशे से दूर रखने और राष्ट्र-निर्माण गतिविधियों की दिशा में इसकी भूमिका को भी रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने नशे के दुष्परिणामों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है जो जिंदगियों को तबाह कर सकती है, समाज और देश को बहुत नुकसान पहुंचा सकती है। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और भारत के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इसके विकास में योगदान देते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें 'अश्वमेध यज्ञ' नाम वाले इस कार्यक्रम से जुड़ने में कुछ दुविधा थी क्योंकि यह शब्द ताकत के विस्तार से जुड़ा है। चुनाव भी नजदीक आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बहुत ऊंचा है, साथ ही उन्होंने 'गायत्री परिवार' के कार्यों और शिक्षाओं के लिए उसकी सराहना की। अपने संबोधन में मोदी ने युवाओं को नशे की चपेट में आने से बचाने और इससे प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, ''नशा व्यक्तियों और समाजों पर कहर बरपाता है, जिससे भारी क्षति होती है।'' प्रधानमंत्री ने कहा 'फिट इंडिया मूवमेंट' और 'खेलो इंडिया' जैसी पहल युवाओं को प्रेरित करेगी और ''एक प्रेरणा प्राप्त युवा मादक पदार्थों की ओर रुख नहीं कर सकता।

## महिलाओं को सशक्त बना रही सरकार : मोदी

### अगले तीन महीने मन की बात पर ब्रेक

नई दिल्ली,25 फरवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का इस बार 110वां एपिसोड प्रसारित हुआ। इस एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं और उनके सशक्तिकरण को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं देश के विकास और उन्नति में कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आज सरकार भी तमाम योजनाओं की मदद से महिलाओं को सशक्त बना रही है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि संभावना है कि मार्च में आचार सहिंता लग जाए। इस दौरान मन की बात का कार्यक्रम नहीं हो पाएगा। उन्होंने कहा कि आचार सहिंता लगने के बाद कार्यक्रम का संचालन नहीं हो पाएगा।

पीएम मोदी ने कहा कि कुछ ही दिन बाद 8 मार्च को हम 'महिला दिवस' मनाएंगे। ये विशेष दिन देश की विकास यात्रा में नारी-शक्ति के योगदान को नमन करने का अवसर होता है। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले हम यह सोच भी नहीं सकते थे कि देश की महिलाएं ड्रोन उड़ाएंगी, लेकिन अब यह संभव है। आज देश में ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं है, जहां नारी शक्ति पीछे हो।

पीएम मोदी ने कहा कि देश के कोने-कोने में महिलाएं अब प्राकृतिक खेती को विस्तार दे रही हैं। आज अगर देश में जल जीवन मिशन के तहत इतना काम हो रहा है तो इसके पीछे समितियों की बहुत बड़ी भूमिका है। इस पानी समिति का नेतृत्व महिलाओं के ही पास है। इसके अलावा भी बहनें-बेटियां जल संरक्षण के लिए चौतरफा प्रयास कर रही हैं। पीएम ने इस दौरान कहा कि 3 मार्च को विश्व वन्य जीव दिवस है।

### ट्रांसफर- पोस्टिंग में नहीं चलेगी चालबाजीः चुनाव आयोग

नई दिल्ली,25 फरवरी। देश में आम चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। आयोग के निर्देश पर अधिकांश राज्यों में चुनाव की तैयारी अंतिम दौर में चल रही है। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के साथ ही सरकारी कर्मियों के स्थानांतरण की प्रक्रिया भी लगभग पूरी कर ली गई है। इस बीच भारत निर्वाचन आयोग ने स्थानांतरण को लेकर सभी राज्यों के लिए एक सार्वजनिक बयान जारी किया है। इसमें स्थानांतरण नीति का अक्षरशः पालन करने का सख्त निर्देश दिया गया है।

आयोग की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि स्थानांतरण नीति के तहत चुनाव कार्य में लगे या चुनाव को प्रभावित कर सकने वाले स्थानों पर पदस्थ सरकारी अफसर अपने गृह जिला में पदस्थ नहीं रह सकते।

# पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट, चार की मौत

कौशांबी,25 फरवरी। यूपी के कौशांबी में पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट हुआ है। इस हादसे में कम से कम चार लोगों की मौत की सूचना मिल रही है। एक के बाद एक धमाकों से पूरा इलाका थर्रा हुआ है। मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने 10 लोगों को बाहर निकाला है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कम से कम चार लोगों की मौत हो चुकी है। धमाकों से झुलसे कई लोगों की हालत गंभीर है। विस्फोट के एक घंटे बाद तक दमकल गाड़ियों के न पहुंचने के चलते स्थानीय लोग गुस्से में हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा दुख जताते हुए अधिकारियों को राहत के काम में तेजी लाने के आदेश दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार हादसे की शिकार हुई पटाखा फैक्ट्री कौशांबी के कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे की है। पुलिस के मुताबिक हादसे के वक्त फैक्ट्री में कई लोग काम कर रहे थे। उनमें से चार की मौत की पुष्टि हो पुलिस ने की है। जबकि घायलों में से तीन-चार लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।



पुलिस के मुताबिक तीन लोगों की मौत मौके पर ही हो गई थी जबकि एक की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन अभी भी जारी है। पटाखा फैक्ट्री में पहले विस्फोट के बाद करीब एक घंटे तक रुक-रुक कर धमाके होते रहे। फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक स्थानीय लोगों ने पुलिस के साथ मिलकर अंदर फंसे लोगों को बाहर निकलवाया। उन्हें आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया।कौशांबी के एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने मीडिया को बताया कि हादसे की चपेट में वही लोग आए जो पटाखा फैक्ट्री में काम कर रहे थे। उनके मुताबिक पटाखा फैक्ट्री संचालक के पास पटाखा बनाने का लाइसेंस है। उन्होंने कहा कि यह फैक्ट्री रिहायशी इलाके से काफी दूर स्थित है। दमकल गाड़ियों के देरी से पहुंचने पर उन्होंने कहा कि हादसे के वक्त फायर ब्रिगेड के कर्मचारी एक अन्य स्थान पर ड्यूटी पर थे। सूचना मिलते ही उन्हें वहां से मौके के लिए रवाना किया गया।

# चाय पीने उतरा चालक और 100 की स्पीड में चल पड़ी ट्रेन

जम्मू,25 फरवरी। कंक्रीट से लदे 53 कंटेनरों वाली एक मालगाड़ी रविवार सुबह कठुआ से पठानकोट के बीच बिना पायलट के 84 किलोमीटर से अधिक की दूरी तक दौड़ती रही। रेलवे को जब घटना की सूचना मिली तो हड़कंप मच गया। इस दौरान ट्रेन की स्पीड 100 किलोमीटर प्रति घंटा थी। शुरुआती जांच में पता लगा है कि पायलट चाय पीने के लिए उतरा था और इंजन बंद करना भूल गया। ट्रेन को पंजाब के मुकेरियां के ऊंची बस्सी इलाके में रोका गया। फिलहाल गनीमत रही कि इस दौरान कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। रेलवे ने घटना पर सख्ती बरतते हुए जांच शुरू कर दी है। इस घटना का सोशल मीडिया पर वीडियो भी सामने आया है। जम्मू रेलवे स्टेशन के निदेशक और मंडल यातायात प्रबंधक, प्रतीक श्रीवास्तव ने कहा, रेलवे को मुकेरियां के ऊंची बस्सी में मालगाड़ी ट्रेन को रोकने के लिए अपने सभी कर्मचारियों को सतर्क करना पड़ा। यह घटना कैसे हुई, यह जानने के लिए कठुआ स्टेशन पहुंचे श्रीवास्तव ने कहा, दोषी पाए जाने पर लोको पायलट के खिलाफ सख्त



कार्रवाई शुरू की जाएगी।

अधिकारी ने कहा, फिलहाल, हम घटना के पीछे के कारणों की जांच कर रहे हैं। स्थानीय जांच के अलावा, रेलवे ने उच्च स्तरीय जांच के भी आदेश दिए हैं। हम विस्तृत जांच करेंगे और सख्त कार्रवाई करेंगे और साथ ही यह सुनिश्चित करेंगे कि ऐसा भविष्य में न हो उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि मालगाड़ी बिना लोको पायलट के थी।

पठानकोट की ओर ढलान होने के कारण ट्रेन अपने आप चलने लगी और धीरे-धीरे 100 किमी प्रति घंटे तक की गति पकड़ ली। श्रीवास्तव ने कहा, अब लोको पायलट इंजन पर क्यों नहीं था और ट्रेन अपने आप कैसे चलने लगी, इन सभी पहलुओं की जांच की जाएगी। हालांकि डीटीएम ने कहा कि रेलवे ने ट्रेन को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किया।

उन्होंने कहा, हमने सभी स्टेशनों को सतर्क किया और पूरे स्टाफ को तैनात कर दिया। ट्रेन को किसी भी दुर्घटना से बचाने और उसे सुरक्षित पड़ाव पर लाने के लिए एक रेल ट्रैक तैयार किया गया। हम सफल हुए और ट्रेन को आखिरकार मुकेरियां के उच्छी बस्सी में रोक दिया गया। श्रीवास्तव ने बिना किसी हादसे के ट्रेन रोके जाने के लिए स्टाफ की सराहना की है। पता चला है कि लोको पायलट कठुआ स्टेशन पर चाय पीने के लिए रुका था और हैंडब्रेक खींचना भूल गया। घटना सुबह करीब 7.10 बजे की है। जब ड्राइवर चाय के लिए रुका तो कथित तौर पर इंजन चल रहा था। मालगाड़ी को रेलवे स्टेशन से तेजी से पार करते हुए दिखाने वाला एक वीडियो भी सोशल साइट्स पर वायरल हो गया है।





एक नजर

## खजुराहो नृत्य महोत्सव में रूपेश कुमार की प्रस्तुति

**डोंगरगांव 25 फरवरी।** विगत दिनों मध्यप्रदेश शासन द्वारा खजुराहो नृत्य महोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कथक नृत्य पर नगर के होनहार छात्र इंदरा गांधी कला विश्वविद्यालय में प्रशिक्षित रूपेश कुमार ने भी अपनी प्रस्तुति दी। खजुराहो नृत्य महोत्सव के 50 वे स्वर्ण जयंती के अवसर पर आयोजित कथक कुंभ के नृत्य में लगभग 1484 देशभर के कलाकारों ने प्रस्तुति दी तथा इस प्रस्तुति को गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज करवाया। नगर के छात्र रूपेश कुमार भी इस नृत्य दल का हिस्सा रहे तथा उन्होंने अपनी प्रस्तुति से नगर का नाम के साथ साथ अपने परिवार का नाम भी रोशन किया है। रूपेश कुमार का नगर के अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का भी सदस्य रहे है तथा नगर में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर भी अपनी प्रस्तुति देते रहे है तथा नगर के छात्र छात्रों को कथक नृत्य की प्रस्तुति की अभ्यास करते आए है। रूपेश कुमार की इस उपलब्धि पर नगर के गणमान्य नागरिक , अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद तथा उनके परिवार के परिजनों ने उन्हे बधाई दी तथा उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर के मुख्य आरोपी को किया गया गिरफ्तार




**राजनांदगांव 25 फरवरी।** पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग व श्रीमान अति पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव राहुल देव शर्मा व श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देशन पर जिले में चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थ तस्करी के रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके परिपालन में दिनांक 20.02.2024 को मन्नी ढाबा के पास नेशनल हाईवे में चेकिंग पाईंट लगाकर लगातार गाडियो की चेकिंग की जा रही थी जिस दौरान जरिये मुखबीर के सूचना पर अवैध रूप से उड़ीसा से राजनांदगांव बागनदी होते हुए नागपुर की ओर कार क्रमांक छ्त-07ऽह- 7236 में अवैध मादक पदार्थ गांजा परिवहन करने की सुचना पर संदिग्ध वाहन कार क्रमांक छ्त-07ऽह- 7236 को नाकाबंदी कर रोककर ड्राइवर से नाम पता पुछने पर अपना नाम टिंकु कुमार यादव पिता बोधी यादव उम्र 33 साल निवासी अकदुनी थाना मुफसिल जिला गिरीडीह झारखण्ड का रहने वाला बताया। वाहन कार क्रमांक छ्त-07ऽह- 7236 की तलाशी करने पर अवैध मादक पदार्थ गांजा वजनी 39.45 किलोग्राम मिलने से उक्त मादक पदार्थ गांजा व आरोपी का मोबाईल, वाहन का पेपर को जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया था। आरोपी का कृत्य धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट का पाया जाने से अपराध क्रमांक 16/2024 धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट कायम कर अपराध विवेचना मे लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। प्रकरण में आरोपी के कहने पर ही आरोपी ड्राइवर बरमपुर उड़ीसा से गांजा लोड करना बताया उक्त गांजा को बरमपुर उड़ीसा से नागपुर की ओर गांजा ले जाना बताएं। प्रकरण के मुख्य आरोपी संतोष पाल को आज दिनांक को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

## श्री रामचरित्र मानस से मिलती है जीवन जीने की सीख : भोलाराम साहू



**छुरिया 25 फरवरी।** ग्राम बरछा टोला में श्रीराम चरित मानस सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में शामिल होने खुज्जी विधायक भोला राम साहू पहुँचे। उन्होंने अन्य अतिथियों के साथ भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना कर क्षेत्र व प्रदेश में सुख शांति समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि रामायण मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के चरित्र का वर्णन करती है। श्रीराम चरित मानस जीवन जीने की कला सिखाती है। हमें मर्यादा में रहकर अपने बड़ों का सम्मान, परिवार में आपसी सहयोग, समाज में सद्भावना और भाईचारा की सीख मिलती है। आधुनिक जीवन में हम रामकथा से सीख ले सकते है और अनुशासन में रहकर समाज, देश के विकास के लिए कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। इस दौरान आयोजक समिति के सदस्यों, सरपंच सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## नांदगांव में मुक्तिबोध के जीवन पर केंद्रित पहली किताब का विमोचन



**छुरिया 25 फरवरी।** नगर के प्रसिद्ध इतिहासकार स्मृतिशेष गणेश शंकर शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके द्वारा लिखित शोध ग्रन्थ 'नांदगॉव में मुक्तिबोध' का विमोचन 23 फरवरी 2024 को नगर के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्तिथि में प्रसिद्ध शिशुरोग विशेषज्ञ पद्मश्री डॉ पुखराज बाफना ने किया। यह किताब मुक्तिबोध द्वारा राजनांदगांव में बिताए गए 6 वर्षों पर ही केंद्रित है। राजनंदगांव का मुक्तिबोध के जीवन में योगदान तथा मुक्तिबोध का राजनांदगांव के प्रति अनुराग को रेखांकित करती यह पहली किताब है। मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए पद्मश्री डॉक्टर पुखराज बाफना ने कहा कि स्मृति शेष गणेश शंकर शर्मा लेखन के प्रति बेहद गंभीर होने के साथ-साथ अपने शहर के प्रति बेहद संवेदनशील थे। नगर का ऐसा कोई भी विषय नहीं इसके इतिहास से वे अपरिचित थे। नगर के प्रति उनकी संवेदनशीलता और ज्ञान का ही परिणाम है यह किताब। उन्होंने आगे कहा कि नांदगॉव में मुक्तिबोध स्थानीय नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर साहित्यिक वातावरण में हलचल पैदा करने वाली एक अद्भुत किताब है।

# गारंटी के सारे कामों को पूरा करने के लिए हम अग्रसर हुए




**रायपुर 25 फरवरी।** आप छत्तीसगढ़ को 34 हजार 427 करोड़ रुपए की 10 परियोजनाओं का सौगात दे रहे हैं। मैं छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से आपके प्रति आभार प्रगट करता हूँ। आपका स्नेह और अनुग्रह हमेशा हमारे ऊपर रहता है। छत्तीसगढ़ की जनता ने आपकी गारंटी पर भरोसा किया। आपकी गारंटी के सारे कामों को पूरा करने के लिए हम अग्रसर हुए हैं। 18 लाख से अधिक आवास स्वीकृत हुए हैं। 3716 करोड़ रुपए की दो साल की बोनस राशि किसानों को दी है। साथ ही 3100 रुपए धान की कीमत देने का वायदा था इसे पूरा किया। विवाहित महिलाओं को साल का बारह हजार रुपए देने का वायदा पूरा करने का निर्णय भी हमने लिया है। विकसित भारत में हम विकसित छत्तीसगढ़ बनाने हम तत्पर हैं।

विकसित भारत संकल्प यात्रा आरंभ हुई। इसमें प्रदेश के बड़ी संख्या में लोग आये। हमारे छत्तीसगढ़ में जो पांच विशेष पिछड़ी जनजाति हैं इनके लिए 15 हजार आवास स्वीकृत हुए हैं। इनके बसाहट के लिए आवागमन की सुविधा हो, इसके लिए सड़कों स्वीकृति हुई है। इस योजना में पीवीजीटी लोगों के 366 बसाहटों में रोड पहुंचेगा।मैं आपका बहुत आभार प्रगट करता हूँ कि आपने विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को संबल प्रदान किया है। लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य पूरा करने की दिशा में हम काम कर रहे हैं। आपके द्वारा किये गये लोकार्पण शिलान्यास से राज्य की अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी और प्रदेश के लिए विकास के नये युग का सूत्रपात होगा। आपके द्वारा दिये गये स्नेह और उदारता के लिए मैं आपके लिए आभार प्रगट करता हूँ।

## उपमुख्यमंत्री अरुण साव प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़' कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़' कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। वे मुंगेली जिले के लोरमी में मौजूद रहकर कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़े। उन्होंने लोरमी में इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। श्री साव ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी सरकार छत्तीसगढ़ को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए कृत संकल्पित है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इसके लिए आज 'विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़' अभियान के तहत छत्तीसगढ़ को 34 हजार 427 करोड़ रुपए लागत की कई परियोजनाओं की सौगात दी है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प के साथ आज हर घर में शौचालय, रसोई गैस कनेक्शन, मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, गरीबों को पक्का मकान दिलाने पीएम आवास और गरीब कल्याण अन्न योजना सहित अनेक योजनाओं का लाभ गांवों, शहरों और गरीबों को मिल रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कार्यक्रम में कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में मोदी की प्रत्येक गारंटी को पूरा किया जा रहा है। सरकार बनते ही हमने सबसे पहले 18 लाख गरीब परिवारों को आवास देने का निर्णय लिया, किसानों को दो साल के बकाया बोनस का वितरण किया। महतारी वंदन योजना के तहत आने वाले दिनों में छत्तीसगढ़ की विवाहित महिलाओं को हर माह एक हजार रुपए दिए जाएंगे। शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करने तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए हमारी सरकार पूरी संवेदनशीलता से कार्य कर रही है। श्री साव ने कार्यक्रम स्थल लोरमी के मानस मंच प्रांगण में स्थित मंदिर में श्री रामलला की पूजा-अर्चना की। उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अतिथिगण एवं स्थानीय लोग 'विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़' कार्यक्रम के सीधा प्रसारण के माध्यम से प्रधानमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ के लिए विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण, शिलान्यास एवं उद्घाटन के साक्षी बने।

# एनआईटी में सांस्कृतिक महोत्सव के दूसरे दिन गायन और स्टैंड अप कॉमेडी प्रतियोगिता



**रायपुर 25 फरवरी।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर में दिनांक 24 फरवरी 2024 को संस्कृति-द कल्चरल कमिटी के द्वारा आयोजित हो रहे मध्य भारत के सबसे बड़े वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव इक्लेक्टिका24 के दूसरे दिन का आगाज गायन प्रतियोगिता इक्लेक्टिका आइडल के साथ हुआ। प्रतिभागियों ने संगीत के मधुर स्वरों के जादू से हर किसी को मोहित कर लिया। प्रतियोगिता की जज आकांक्षा मिश्रा रहीं।एकलेक्टिका आइडल में पहला स्थान यशवर्धन, दूसरा स्थान प्रियांशु और तीसरा स्थान फरिश्ता ने हासिल किया। स्टैंडअप कॉमेडी कार्यक्रम तफरी का आयोजन भी किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने मज़ेदार कहानियाँ, जोक्स और हास्य अंश प्रस्तुत किए और अपनी हास्य कला का अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता की जज रेडियो जॉकी नंदिनी जैन रहीं। तफरी में पहला स्थान प्रांजल , दूसरा स्थान मिहिर और तीसरा स्थान सूरज ने हासिल किया।

उत्सव के दौरान संस्थान के लिटराती क्लब द्वारा डिबेट प्रतियोगिता ÷ट्यूब ट्रॉल्स 3.0 का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर अपनी बातें रखीं। छात्र लखन श्रीवास्तव ने योगा का दैनिक जीवन में महत्व बताते हुए वैश्विक स्तर पर योगा के प्रसार की उपलब्धियां बताई। छात्र अंश श्रीवास्तव ने होम्योपैथी के बारे में बताया कि कैसे यह बीमारियों को दूर करने में सहायक है और बताया कि होम्योपैथी भले ही धीमा प्रक्रम है लेकिन इसके प्रभाव दूरगामी है। मृनाल ठाकुर ने बजट 2024 की व्याख्या करते हुए बताया कि यह बजट मुख्य रूप से देश के इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास पर केंद्रित है। इस तरह छात्रों ने अपने तर्कों के माध्यम से अपनी बातों को बड़े ही सुन्दर ढंग से रखा। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर लखन शर्मा और इशिता तिवारी रहे एवं द्वितीय स्थान पर सौम्या तिवारी और अशद रहे।

कार्यक्रम में संस्थान के गो ग्रीन क्लब द्वारा भी विभिन्न प्रतियोगिताएं और वक्ता सत्र आयोजित कराए गए। इको क्विज में पर्यावरण से संबंधित प्रश्नोत्तर पूछे गए जिसमें सीएसई विभाग के प्रथम वर्ष के छात्र दिव्यप्रताप सिंह और अपूर्व शेखर प्रथम स्थान पर, केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के तृतीय वर्ष के छात्र शमशुल कमर और मनीष सिंह मीणा द्वितीय स्थान पर और केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के चतुर्थ वर्ष की छात्रा सुरभि पांडे और वैष्णवी तृतीय स्थान पर रहीं। स्नेक मेनिया में नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी,छत्तीसगढ़ के प्रेसिडेंट एम सूरज ने सांपों की विभिन्न प्रजातियों, सांपों के जहर से बचने के उपायों, रेस्क्यू के तरीकों और आवश्यक सावधानियों के बारे में बताया। कार्यक्रम ÷ऑनर ऑफ द हीरोज÷ में श्रीमान सूरज और बंच ऑफ़ फूल्स टीम के सदस्यों को सम्मानित किया और उनके द्वारा पर्यावरण को स्वच्छ रखने और वन्यजीवों के संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया। हैंडीक्राफ्ट वर्कशॉप के दौरान छात्रों ने हाथों से क्रिएटिव उत्पाद बनाना सीखा। वर्कशॉप में क्ले आर्ट एक्सपर्ट गीता टांक और ड्राइंग एक्सपर्ट निराली टांक मौजूद रहीं।

उत्सव के दौरान विभिन्न मनोरंजन खेल भी कराए गए जिनमें बॉटल फ्लिप, टग ऑफ़ वॉर , डार्ट्स, बॉटल आर्ट और बॉल बैलेंस आदि शामिल हैं। इक्लेक्टिका 2024 के दूसरे दिन का समापन कल्चरल नाइट के साथ हुआ जिसमें संस्थान के संस्कृतिद कल्चरल कमिटी, डांस क्लब नृत्यम और म्यूजिक क्लब रागा आदि विभिन्न क्लब्स और कमिटी के सदस्यों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी।

समाचार संक्षेप

## डोंगरगढ़ ब्लॉक में कर्मचारी एवं अधिकारी फेडरेशन ने ज्ञापन सौंपा



**डोंगरगढ़ 25 फरवरी।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर डोंगरगढ़ के ब्लॉक संयोजक भेलसिंह वर्मा, महासचिव योगेश चौरे , मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे के नेतृत्व में तहसील कार्यालय डोंगरगढ़ के समाने 46 प्रतिशत डीए सहित चार सूत्रीय लंबित मांगों के समर्थन में मोदी की गारंटी का अमल करने भोजन अवकाश के समय दोपहर 2.00 बजे मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम नायब तहसीलदार विजय कुमार सांहू को ज्ञापन सौंपा गया। तहसील-ब्लॉक- के शासकीय सेवकगण तहसील मुख्यालय में इकट्ठा होकर प्रदर्शन करते दिखाई दिए। विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्यगण एकजुट होकर अपने जायज मांगों के लिए प्रदर्शन किया । केंद्र के समान 46 प्रतिशत डीए एवं बकाया एरियर्स राशि को जीपीएफ खाते में समायोजित करने सहित चार सूत्रीय लंबित मांगों के समर्थन में शासकीय सेवकों ने अपनी ताकत दिखाई। मांगों के विषय में छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी योगेश चौरे ने बताया कि पूर्व में भी कर्मचारी संगठनों द्वारा राज्य शासन को समय.समय पर अपनी जायज मांगो के निराकरण हेतु अनुरोध किया जाता रहा है, किन्तु राज्य शासन द्वारा शासकीय सेवकों के हित में समाधानकारक निर्णय नहीं लेने के कारण प्रदेश के कर्मचारीगण, अधिकारीगण, पेंशनर्स प्रताड़ित हो रहे है। शासन द्वारा राज्य सेवा के कर्मचारियों के वेतन में लगातार कटौती की जा रही है, और उनके मौलिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है, जिसके कारण शासकीय सेवकों में निराशा और आक्रोश व्याप्त है और वे अपने हक की लड़ाई के लिये लामबद्ध हो रहे। डोंगरगढ़ विकासखंड में मुख्य रूप से विभिन्न संगठनों एवं संघों के अध्यक्षगण पदाधिकारीगण सदस्यगण सैकड़ों की तादाद में उपस्थित रहे। सभा को संयोयक श्री भेलसिंह , अमित वैष्णव, योगेश चौरे ,सुश्री लक्ष्मी देवांगन, एवं अन्य कर्मचारियों नेताओं ने संबोधित किया । सभी ने वर्तमान परिस्थिति में केंद्र के समान केंद्र की तिथि से महंगाई भत्ता भत्ता सातवें वेतनमान के अनुसार ना मिलना ,पुरानी पेंशन, वेतन विसंगति पिंगवा कमेटी रिपोर्ट सार्वजनिक कराने हेतु अपनी बातें रखी ! सभी कर्मचारी संघ के नेताओं ने कहा कि अगर मांगे नहीं मानी गई तो अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए मजबूर होंगे ! हड़ताल में अमित वैष्णव, हीरालाल मोर्य, चंद्रशेखर विजयवार, धनेश्री बारिक, जितेंद्र डाहाट,श्री धन्नूलाल महोबिया, श्रीमती धनलक्ष्मी महोबिया ,श्रीमती कुंता काडे, व सभी संगठनों के कर्मचारी , अधिकारी उपस्थित थे।

## महोत्सव में छत्तीसगढ़ की संस्कृति व परपंरा का समावेश: कुलबीर



**राजनांदगांव 25 फरवरी।** आर्शीवाद नवयुवक मंडल एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में एक दिवसीय मोखला महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समावेश कर महोत्सव के रूप में मनाया गया। महोत्सव में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने शिरकत की। मोखला महोत्सव को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों की प्रासंगिकता तभी सार्थक होती है जब हम अपने समाज को एकता के सूत्र में बांधे रखने में कामयाब होते हैं। आज के समय में ऐसी भक्ति भाव का होना बहुत जरूरी है। इस तरह के आयोजन कराना और दिल से भक्ति भाव को जोड़कर रखना ये बड़ी बात है। इससे हमारे सनातन धर्म का प्रचार होता है साथ ही हमारे आने वाले पीढ़ियों को हमारे धर्म, अध्यात्म, संस्कृति, विरासत का ज्ञान होता है जो बेहद जरूरी है। इस प्रकार के आयोजनों को हम सभी को मिल जुलकर करना चाहिए, धार्मिक आयोजनों से उत्पन्न धार्मिक वातावरण का लाभ उठाकर अपने जीवन को धर्म और परोपकार के मार्ग पर चलना चाहिए। महोत्सव में प्रथम मंचस्थ रामलखन मानस परिवार ग्राम मोखला द्वारा गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरित महाकाव्य पाठ किया गया। तत्पश्चात द्वितीय मंचस्थ में शारदा रानी मानस परिवार महासंमुद द्वारा झांकी के माध्यम से रामलीला का मंचन किया। तृतीय मंचस्थ में विद्यादायनी जस झांकी परिवार धनडोंगरी डोंगरगढ़ द्वारा मां दुर्गा के विभिन्न रूपों व राक्षसों के संहार का मंचन झांकी के माध्यम से किया। चतुर्थ मंचस्थ छग महतारी पंडवानी पार्टी ग्राम महराटोला कवर्धा द्वारा पंडवानी के माध्यम से महाभारत के कौरव व पांडवा युद्ध का वर्णन किया। पंचम मंचस्थ में जय राधा कृष्ण राउत नाच पार्टी खजरी घुमका द्वारा राउत नाचा व कृष्ण-राधा प्रेम, होली का मंचन किया वहीं षष्ठम मंचस्थ मंडली मयारू भाई छग नाच पार्टी भाठागांव सिकोसा द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी, सुआ नृत्य, बस्तरिया नाच का मंचन के साथ मोखला महोत्सव का समापन हुआ।

# सुकुल दैहान में नवीन पुलिस चौकी प्रारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदागांव 25 फरवरी।** पूर्व संसद श्री अभिषेक सिंह के कर कमलों से दिनांक 24.02.2024 को पूर्व संसद मधुसूदन यादव के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न हुआ इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, एडीएम अरूण वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल, थाना प्रभारी निरीक्षक नंदकिशोर गौतम एवं सभापति जिला पंचायत राजनांदगांव श्री अशोक देवांगन व गांव के जनप्रतिनिधिगण , क्षेत्र के जनप्रतिनिधीगण, सरंपचगण व आम जनता की मौजूदगी में नवीन पुलिस चौकी का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। साथ ही पूर्व संसद अभिषेक सिंह द्वारा अपने उद्बोधन में बताये कि पुलिस विभाग के साथ बिल्कुल ही बीना संकोच के साथ अपना बात रखें, डर या भय के साथ बात न करें। जनता का विश्वास ही पुलिस की सबसे बड़ी पूंजी है। पुलिस जनत के साथ विश्वास कायम कर सके और जनता



के बीच छोटा बच्चा हो या बुर्जुग हो अपना पीड़ा तथा समस्या को पुलिस के पास जाकर बता सके। जनता के सेवा भाव के लिये इस चौकी का संचालन किया जा रहा है। चाहे जनप्रतिनिधि हो, चाहे अधिकारी हो मूल रूप से हमारे उर्जा का एक एक पल का उपयोग जनता के भाव से शांति अमन के साथ हो। पुलिस अधक्षक श्री मोहित गर्ग ने कहा की नवीन पुलिस चौकी सुकुल दैहान के क्षेत्रार्न्तगत कुल 17 गांव होंगे। पुलिस चौकी खुलने से आसपास के क्षेत्रों के ग्रामिणों को सुविधा के साथ ही पुलिस प्रशासन का सहयोग भी प्राप्त होगा।

# धोखाधड़ी कर जमीन की रजिस्ट्री कराने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 25 फरवरी।** प्रार्थी समीर सचदेवा पिता भारतभूषण सचदेवा उम्र 53 साल स्थायी पता 86 नर्मदा रोड रतन कालोनी जबलपुर(म0प्र0) का दिनांक 04.02.2024 को थाने में लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका जमीन ग्राम तेलीटोला (टप्पा) पटवारी हल्का न0 19 तहसील लालबहादुर नगर जिला राजनांदगॉव में खसरा न0 86/01 क्षेत्रफल 0.466 हेक्टेयर जो जीई रोड से लगी है। उक्त जमीन के संबंध में दिनांक 19.01.2024 को हल्का पटवारी द्वारा फोन कर जानकारी लिया गया, कि आप किसी को पावर आफ अटर्नी देकर बिक्री किये हो आपकी जमीन बिक चुकी है। तब यह जबलपुर से आकर जानकारी लिया तो उक्त जमीन को अनावेदक प्रेमलाल



भाट ग्राम रजोली जिला बालोद के द्वारा अन्य लोगो के साथ मिलकर भूमि का फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्रार्थी के स्थान पर अन्य व्यक्ति को खडाकर फर्जी मुख्तयारनामा तैयार कर क्रेता द्वारा उप पंजीयक कार्यालय राजनांदगॉव को विक्रयनामा निष्पादित करना पाया गया। जॉच पर धारा 419,420,467,468,471,120-बी भादवि0 का अपराध घटित होना पाया जाने से थाना कोतवाली राजनांदगॉव में अपराध क्र0 81/2024 धारा 419,420,467,468,471,120-बी भादवि0 कायम कर विवेचना में लिया गया। अपराध कायमी से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।

## मोर मकान मोर आस के तहत लाटरी के माध्यम से 11 पात्र हितग्राहियों को आवास का आबंटन

# वर्षों से किराये में निवासरत परिवारों का स्वयं के आवास का सपना हो रहा साकार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 25 फरवरी।** देश के प्रत्येक परिवार के सर पर पक्की छत हो इस सोच को सकार करने के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है, क्रियान्वयन की इस कडी में छत्तीसगढ शासन की संवेदनशील पहल मोर मकान मोर आस योजना के तहत आम आदमी के आवास का सपना सकार करने किरायेदारों के रूप में निकाय क्षेत्र के परिवारों को उनका स्वयं का अपना आवास मात्र लागत मूल्य पर उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना के क्रियान्वयन एवं जनमानस को योजना का लाभ देने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया कर आवेदन आमंत्रित किया गया। प्राप्त आवेदनों में पात्र हितग्राहियों को निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर आज दिनांक 23 फरवरी 2024 को नगर निगम सभागृह में डिप्टी कलेक्टर श्री गौतम पाटिल, उपायुक्त श्री मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता व योजना के नोडल अधिकारी श्री यू.के.रामटेके, सहायक



लेखा अधिकारी श्री राकेश नंदे की उपस्थिति में लाटरी के माध्यम से 11 पात्र हिग्राहियों को आवास का आबंटन किया गया। पूर्व में 84 पात्र हितग्राहियों को आवास आबंटन कर योजना का लाभ दिया गया है।नोडल अधिकारी श्री रामटेके ने बताया कि उक्त योजना के तहत 803 आवेदन प्राप्त हुये थे, प्राप्त आवेदन में से पात्र 449 आवेदकों की सूची जारी की गयी थी। जिनमें राशि जमा उपरांत पूर्व में 84 पात्र हितग्राहियों को आवास आबंटित किया गया था, और आज 11 हितग्राहियों को लाटरी के माध्यम से आवास आबंटन किया जा रहा है। इसके अलावा उपरोक्त पात्र सूची में से आवेदकों द्वारा परियोजना अनुरूप राशि जमा किये जाने उपरांत 10 या 10 से अधिक हितग्राही पाये जाने पर लाटरी की प्रक्रिया कर निरंतर आवास आबंटन किया जायेगा।

श्री रामटेके ने बताया कि रेवाडीह में निर्मित 340 पूर्ण आवास में 3, मोहारा में निर्मित 340 पूर्ण आवास में 7, लखोली में निर्माणाधीन 272 अपूर्ण आवास में 1 इस प्रकार कुल 11 हितग्राही के स्वयं के आवास का सपना सकार हुआ। उन्होंने बताया कि हितग्राहियों को 1 माह के कार्य दिवस में आवास आबंटन पत्र दिया जायेगा। साथ ही पात्र हितग्राही जो इस लाटरी में शामिल नहीं हो पाये उन्हें राशि जमा उपरांत पुनः लाटरी कर आवास का आबंटन किया जायेगा तथा जो आवेदक बैक से ऋण लेना चाहते है उन्हें ऋण की सुविधा भी उपलब्ध करायी जा रही है। उपायुक्त श्री मोबिन अली ने आवास प्राप्त करने वाले सभी परिवारों को बधाई देते हुये कहा कि आज वर्षो से आप लोग किराये के मकान में निवास कर रहे थे, लेकिन आज शासन की योजना के तहत अब आप किराये के मकान से मुक्त होकर अपने स्वयं के आवास का सपना सकार करेंगे। शेष पात्र हितग्राहियो को भी राशि जमा उपरांत आवास का लाभ दिया जायेगा। इस अवसर पर योजना के सी.एल.टी.सी श्री अंकुर मिश्रा व श्री ललित मानकर तथा राजेन्द्र रामटेके, श्रीमती राजेश्वरी सोनी, श्री वेदांत श्रीवास्तव व सुश्री प्रियंका हट्टेवार सहित हितग्राही उपस्थित थे।

प्राइम वीडियो ने विश्व रेडियो दिवस के मौके पर अपनी आगामी ऑरिजिनल मूवी ऐ वतन मेरे वतन के प्रीमियर के तारीख की घोषणा की. एक मोशन पिक्चर के साथ तारीख का खुलासा किया गया, जिसमें उषा का किरदार निभा रही मुख्य अदाकारा सारा अली खान की आवाज़ सुनाई देती है. वह रेडियो के माध्यम से पूरे उत्साह के साथ देश को ब्रिटिश राज के खिलाफ एकजुट होने का आग्रह कर रही हैं.



# दहेज एक भयानक हकीकत: मणि मामी निगेटिव नहीं है: सेजल

गुजराती थिएटर की जानी-मानी अदाकारा सेजल धारावाहिक 'कुछ रीत जगत की ऐसी है' में मणिमामी की भूमिका में हैं। सेजल कहती हैं कि यह शो लाजवाब है। मणि मामी का कैरेक्टर मेरे से रिलेटेड है। मैं स्टेट फावर्ड हूं, प्रेक्टिकल हूं। तीखी कड़वी हूं लेकिन निगेटिव नहीं हूं। शो देखने के बाद ही मेरी भूमिका की तस्वीर साफ होगी। छोटे पर्दे के इतिहास में यह अलग तरह की कहानी है। सेजल बताती हैं कि क्रिएटिव टीम स्ट्रांग है। यह धारावाहिक करने में मजा आ रहा है।

### सोच बदलने की कोशिश है : मीरा

कुछ रीत जगत... धारावाहिक महज सामाजिक कहानी नहीं है। इसमें सोच बदलने की कोशिश की गई है। नंदनी के किरदार में नजर आ रही ख्यातनाम अभिनेत्री मीरा देवस्थल कहती हैं कि हकीकत में मीरा नंदनी के क्लोज है। नंदनी किसी एक विषय पर नहीं लड़ रही है। नंदनी की स्टोरी दिल को छू छू गई है। नंदनी ने सवाल उठाया है कि जब पानी-भोजन है तो क्यों नहीं खाते? बकौल मीरा यह शो यादगार रहेगा। कहानी ने अच्छा अनुभव दिया है।

### कुरीतियों के खिलाफ: जगत

नंदनी के मामा की भूमिका निभा रहे जगत रावत मंजे हुए कलाकार हैं। वे कहते हैं कि कुरीतियों ने परिवार ही नहीं समाज को नुकसान पहुंचाया है। कुछ रीत जगत... धारावाहिक दहेज के खिलाफ एक बेहतरीन शो है। नंदनी ने समाज की आंखें खोल दी है। यह शो दशकों को बांधे रखेगी। इस शो के प्रोड्यूसर जेडी मजिठिया है।

### किरदार दहेज के खिलाफ: जान खान

नंदनी के पति नरेन रतनशी की भूमिका में नजर आ रहे जान खान का कहना है कि मेरा किरदार बहुत बड़ा है। नरेन मस्ती करने वाला सुसंस्कृत लड़का है। मेरा किरदार दहेज के खिलाफ है। जान खान का मानना है कि कुरीतियां विकास के रास्ते में बाधा होती है। यह शो न केवल शिक्षाप्रद है बल्कि नई पीढ़ी को सीख देने वाला है। हर एपिसोड के बाद अगले एपिसोड को लेकर दर्शकों में उत्सुकता बनी रहेगी। यह शो सोनी टीवी पर सोमवार से शुक्रवार रात साढ़े आठ बजे प्रसारित हो रहा है।




दहेज भयानक हकीकत है: नंदनी की सास व ससुर की भूमिका में नजर आ रहे खुशी राजपूत व धर्मेश व्यास कहते हैं कि दहेज प्रथा भयानक हकीकत है। चंचल रतनशी व हेमराज रतनशी के किरदार को जीने वाले धर्मेश व खुशी कहते हैं कि यह एक पारिवारिक कहानी है। दहेज को लेकर परिवार में होने वाले घटनाक्रम को दर्शाया गया है।

## कियारा आडवाणी ने डॉन 3 में अपनी एक्शन भूमिका के बारे में बात की

अपने शानदार अभिनय और बॉक्स ऑफिस की क्षमता के लिए प्रसिद्ध, प्रतिभाशाली कियारा आडवाणी ने फिल्म उद्योग में अपनी यात्रा और अनुभवों के बारे में खुलकर बातचीत की। डॉन 3 में एक्शन भूमिका निभाने के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री ने कहा, मुझे लगता है कि यह एक सचेत निर्णय है, मैं कुछ अलग करना चाहती थी। मैं इसे अपने लिए बदलना चाहती थी, और यह एक ऐसी शैली थी जिसे मैं पाने के लिए तरस रही थी अपने आप में। और यह रोमांचक है, है ना? एक अभिनेता के रूप में, आप लगातार अलग-अलग किरदारों में कदम रख रहे हैं और दुनिया को यह विश्वास दिला रहे हैं कि आप वही हैं। फिल्म के लिए कठिन तैयारी होगी, लेकिन मेरे पास करने के लिए समय है वह।मैं बहुत उत्साहित हूं, इसलिए मैंने कभी कोई एक्शन फिल्म नहीं की है। अब कुछ एक्शन करने का मेरा समय है! कियारा आडवाणी का स्टारडम बढ़ना किसी उल्लेखनीय से कम नहीं है। थिएटर और ओटीटी प्लेटफॉर्म दोनों पर लगातार हिट फिल्मों के साथ, उन्होंने एक बहुमुखी और प्रतिभाशाली कलाकार के रूप में अपनी पहचान बनाई है। एमएस धोनी: द अनटोल्ड स्टोरी में अपनी ब्रेकआउट भूमिका से लेकर कबीर सिंह: शेरशाह, जुग जुग जीयो और भूल भुलैया 2 में अपनी हालिया सफलताओं तक, कियारा ने अपने बेहतरीन अभिनय कौशल से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। स्क्रीन उपस्थिति.



## जवान के लिए आलोचकों का सर्वश्रेष्ठ निर्देशक पुरस्कार जीता

दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवार्ड्स की एक महत्वपूर्ण रात में, प्रसिद्ध फिल्म निर्माता एटली एक चमकते सितारे के रूप में उभरे, जिन्होंने सिनेमा में अपने असाधारण योगदान के लिए प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता। प्रशंसित निर्देशक को उनकी कलात्मक प्रतिभा और कहानी कहने की क्षमता को पहचानते हुए क्रिटिक्स बेस्ट डायरेक्टर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। शाहरुख खान अभिनीत एटली कुमार की नवीनतम ब्लॉकबस्टर जवान उनकी अद्वितीय प्रतिभा का प्रमाण है। प्रेम, बलिदान और देशभक्ति के विषयों पर आधारित इस फिल्म ने दुनिया भर के दर्शकों के दिलों में जगह बना ली और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई प्रशंसाएं हासिल कीं। अपने स्वीकृति भाषण में, एटली कुमार ने कहा, सभी को शुभ संध्या, सभी को नमस्कार...तमिल, मेरी मातृभाषा, मेरे सभी तमिल प्रशंसकों को धन्यवाद जो मेरा समर्थन कर रहे हैं और मुझे आगे बढ़ा रहे हैं। अब यह बड़ा हो गया है, और मैं सामूहिक रूप से संबोधित कर सकता हूं वे मेरे भारतीय प्रशंसक हैं और मैं इसके लिए खुश हूं। सबसे पहले श्री शाहरुख खान सर को धन्यवाद जिन्होंने मुझे यहां खुद को साबित करने के लिए मंच दिया। श्री शाहरुख सर, अभिनेताओं और पूरी फिल्म को धन्यवाद, मुझ पर विश्वास करने के लिए धन्यवाद दृष्टि। थलपति विजय सर को धन्यवाद, जो वास्तव में मुझे मेरी दूसरी फिल्म से उस स्तर तक ले गए जहां मैं आ सकता हूं और खुद को साबित कर सकता हूं। विजय सर को धन्यवाद।



## अभिनेत्रियां डेनिम ड्रेस लुक में धमाल मचा रही हैं



डेनिम हमेशा से एक फैशन स्टेपल रहा है, और जब डेनिम ड्रेस की बात आती है, तो अभिनेत्रियाँ सहजता के साथ अपनी स्टाइल कौशल का प्रदर्शन करती रही हैं। क्लासिक कट्स से लेकर आधुनिक ट्विस्ट तक, यहां कुछ उदाहरण हैं जहां अभिनेत्रियों ने डेनिम ड्रेस लुक में धूम मचाई है, ट्रेंड स्थापित किया है और दुनिया भर में फैशन प्रेमियों को प्रेरित किया है।

जान्हवी कपूर: अपने बेदाग स्टाइल सेंस के लिए जानी जाने वाली जान्हवी कपूर ने हाल ही में फुल-स्लीव वाली डेनिम ब्लू ड्रेस पहनी थी, जिसमें आधुनिक आकर्षण झलक रहा था। ज़िपर से सजी पोशाक ने क्लासिक डेनिम पोशाक को समकालीन बढ़त दी। स्टाइलिश जूतों के साथ, कपूर ने सहजता से परिष्कार के साथ तीखेपन का संयोजन किया, जिससे वह जहां भी गईं, एक बयान दिया।

**तारा सुतारिया:** एक और दिवा जिसने डेनिम ड्रेस लुक को सहजता से अपनाया वह तारा सुतारिया हैं। सफेद बटन वाली स्लीवलेस डेनिम मिडी ड्रेस में सुतारिया ने सादगी और लालित्य का एकदम सही मिश्रण दिखाया। सुंदर चप्पलों के साथ, उनका पहनावा एक आरामदायक लेकिन ठाठदार माहौल पेश कर रहा था, जिससे यह कैजुअल आउटिंग के लिए एक पसंदीदा विकल्प बन गया।

**अनन्या पांडे:** डेनिम ट्रेंड को अपने ट्विस्ट के साथ अपनाते हुए, अनन्या पांडे ने छोटी बाजू वाली डेनिम शर्ट ड्रेस चुनी, जिसमें युवा आकर्षण झलक रहा था। कॉलर और मैटेलिक बटन के साथ, पांडे की पोशाक ने क्लासिक डेनिम सिल्हूट पर एक ताज़ा रूप पेश किया।

**पश्मीना रोशन:** शालीनता और शिष्टता के साथ सुर्खियों में कदम रखते हुए, पश्मीना रोशन ने मध्य लंबाई की डेनिम पोशाक की अनोखी सुंदरता का प्रदर्शन किया। एक साधारण हेयर स्टाइल और न्यूनतम एक्सेसरीज़ के साथ, रोशन ने पोशाक को अपने आप में बोलने दिया, सहजता से आकर्षण और परिष्कार बिखेरते हुए। उनका संयमित लेकिन स्टाइलिश पहनावा एक अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है कि कभी-कभी, कम वास्तव में अधिक होता है।

## 'भाबीजी घर पर हैं' के सेट पर आसिफ और शुभांगी की 'पान पार्टी'

एण्डटीवी का 'भाबीजी घर पर हैं' हंसाने वाली और मजेदार कहानियों से लगातार अपने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर रहा है। इसके किरदार हर बार हास्यप्रद स्थितियों में खुद को फंसा हुआ पाते हैं, जो दर्शकों के चेहरों पर हमेशा मुस्कुराहट बिखेरता है। इस शो में जल्द ही दर्शकों को एक बेहद मजेदार कहानी देखने को मिलेगी, जिसमें विभूति नारायण मिश्रा (आसिफ शेख) और अंगूरी भाबी (शुभांगी अत्रे) को 'पान' खाने की लत लग गई है। उनकी इस आदत से मॉडर्न कॉलोनी में हंसाने वाली गड़बड़ियां देखने को मिलेंगी। शूटिंग के दौरान इन दोनों ही कलाकारों को अपना मुंह लाल रखना था और इसके लिये उन्होंने तरह-तरह के पान खाये, जिससे सेट पर पान पार्टी होती थी। 'पान खाये सैय्यां' की इस मजेदार कहानी पर आसिफ शेख ने अपनी खुशी का इजहार करते हुये कहा, ''हमारा मकसद हमेशा से मजेदार कहानियों के जरिये अपने दर्शकों को खुश करने का रहा है। कहानी के आने वाले हिस्से में विभूति एक पान देखकर ललचा जाता है और अंगूरी (शुभांगी अत्रे) भी इसमें शामिल हो जाती हैं। इस पर अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) और तिवारी (रोहिताश्व गौड़) हैरान हो जाते हैं। जब वे पान थूंकते हैं, तब पूरी मॉडर्न कॉलोनी में बड़ी गड़बड़ी होने लगती है। इस गड़बड़ी के बावजूद यह सीक्वेंस शूट करना धमाकेदार रहा। अपने किरदारों को निभाने के लिये हमने पान के लाल रंग से अपने मुंह और दांतों को रंग लिया। पूरे सीन में शुभांगी और मैंने कई पान खाये, ताकि अपने किरदारों में ठीक से ढल सकें। मुझे पान का कोई ज्यादा शौक नहीं है, लेकिन सेट पर उससे बचा भी नहीं जाता है। आश्चर्य की बात यह है कि इतने पान खाने के बाद मेरी उत्सुकता बढ़ गई है और मैं भविष्य में भी पान आजमाने से परहेज नहीं करूंगा।



## शुरू में वॉचो एक्सक्लूसिव 'स्टेट वर्सेस आहूजा' सीरीज का हिस्सा बनने पर संदेह था, लेकिन...

अभिनेत्री अनुरेखा भगत, को 'खुदा हाफ़िज़: चैप्टर 2- अग्नि परीक्षा', 'उपन्यास' और शाहिद कपूर अभिनीत 'फर्जी' में अपनी भूमिकाओं के लिए जाना जाता है। उन्होंने हाल ही में वॉचो एक्सक्लूसिव सीरीज़ 'स्टेट वर्सेस आहूजा' में अपनी पहली मुख्य भूमिका निभाई। सीरीज में, अभिनेत्री अनुरेखा ने दीपा सावंत नामक एक नौकरानी का किरदार निभाया है, जो बॉलीवुड अभिनेता अंश आहूजा (अश्मित पटेल द्वारा अभिनीत) पर बलात्कार का आरोप लगाती है। सीरीज में शामिल होने के बारे में शुरुआती संदेह के बावजूद, अनुरेखा ने अंततः यह भूमिका निभाने का फैसला किया, इस निर्णय के बारे में उन्होंने हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में बताया। अभिनेत्री अनुरेखा ने कहा, शुरुआत में, जब मुझे सीरीज की पेशकश की गई थी, तो इसके कॉन्सेप्ट को देखते हुए, यह सीरीज मुझे करना चाहिए या नहीं, इस बारे में मैंने कई बार सोचा। हालाँकि, दीपा का किरदार इतना दमदार था कि मैं हाँ कहने से खुद को रोक नहीं पाई। यह एक ऐसा किरदार है, जिसकी वजह से एक कलाकार के रूप में मैंने कई चुनौतियों का सामना किया। यह किरदार कोई भी अच्छी या बुरी श्रेणियों में पूरी तरह से फिट नहीं बैठता, इसके बजाए वह अपने लिए अलग-अलग परिस्थितियाँ उत्पन्न करता है। दीपा का किरदार निभाते समय वह विभिन्न परिस्थितियों पर कैसी प्रतिक्रिया करती है, एक कलाकार के रूप मेरे लिए यह एक सीखने का मूल्यवान अनुभव था।



## देलबर आर्य और रजनीश दुग्गल का नया छू लेने वाला प्यार भरा गाना रब्बा हुआ रिलीज़

संगीत उद्योग की गतिशील जोड़ी देलबर आर्य और रजनीश दुग्गल ने अपने नए सॉन्ग रिलीज रब्बा के साथ एक बार फिर से धमाल मचा दिया है। यह गाना आकर्षक प्रेम कहानी का वर्णन करता है जो सीमाओं और चुनौतियों से परे है, बिना शर्त प्यार और अटूट समर्थन को प्रस्तुत करता है। रब्बा की कहानी दो प्रेमियों के बीच बिना शर्त प्यार के इर्द-गिर्द घूमती है जो एक-दूसरे के प्रति गहराई से प्रतिबद्ध हैं। कहानी में ट्विस्ट तब आता है जब लड़की यानि देलबर, उनके प्रेमी यानि रजनीश दुग्गल से अपना रिश्ता तोड़ देती है और अपनी शादी का कार्ड देकर। यह बात रजनीश को समाज नहीं आती की उसके साथ क्या हो रहा है और वो पागल हो जाता है उसके याद में जब एक दिन उसके अलमारी में से दिलबर को कैंसर होने के डाक्यूमेंट्स मिलते है.विदेशी स्थानों पर फिल्माया गया, बेहतरीन प्राकृतिक दृश्य के साथ, यह गाना निश्चित रूप से आपको कहानी से बांधे रखेगा। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती यह गाने बताया जाता है की देलबर कैंसर से पीड़ित होती है और यह बात सुनकर रजनीश हिल जाते है और उनका साथ छोड़ने के बदले उनके पास जाकर उनको अपनाते है। डर से पीछे हटने या निराशा में मुंह मोड़ने के बजाय, रजनीश दुग्गल का चरित्र अपनी प्रेमिका के साथ खड़ा होना चुनता है, उसे अपना अटूट समर्थन और बिना शर्त प्यार देता है। अपने किरदार और अपने गाने के बारे में देलबर आर्य कहते हैं, ''मेरा किरदार बहुत भावुक है। बाहर से वह खुद को बहुत मजबूत और स्वार्थी दिखाती है, लेकिन असल में वह बहुत केयरिंग इंसान है और किसी और की खुशी के लिए चुपचाप खुद को कुर्बान कर देती है।'' किरदार यह संदेश देने की कोशिश करता है कि चाहे आप किसी भी परिस्थिति में हों, आपको सब कुछ अकेले नहीं करना है। केवल इसलिए अपना बलिदान न दें कि दूसरे व्यक्ति को अच्छा या खुश महसूस करना चाहिए।



## राहुल जेठवा के पास है 50 से अधिक जूतों का बेमिसाल कलेक्शन!

फुटवेयर सिर्फ फंक्शनैलिटी तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि खुद को अभिव्यक्त करने के एक साधन के रूप में भी काम करते हैं। पुराने समय से चले आ रहे लोफर्स से लेकर फैशनेबल स्टाइल्स तक, ये किसी भी व्यक्ति की विशिष्ट स्टाइल का आईना होते हैं और किसी भी परिधान की खूबसूरती को बढ़ा देते हैं। आप किस तरह के जूते पहनते हैं और उसका शेप, मटेरियल और कलर क्या है, वह आपकी पर्सनैलिटी के बारे में बहुत कुछ कहता है। एण्डटीवी के 'अटल' में अवध बिहारी वाजपेयी का किरदार निभा रहे राहुल जेठवा जूतों के इतने ज्यादा शौकीन हैं कि उनके पास 50 से ज्यादा जूतों का बेमिसाल कलेक्शन है। बेहतरीन डिजाइनों, प्रीमियम मटेरियल्स और बेमिसाल कम्फर्ट के शौक के साथ जूतों के साथ उनका प्यार सालों पहले शुरू हुआ था। उनके लिये फुटवेयर सिर्फ एक एक्सेसरी नहीं हैं, बल्कि वह उनका पर्सनल स्टाइल स्टेटेमेंट भी है, जो कि उनके मूड और अलग-अलग तरह के फैशन स्टाइल्स को दिखाता है। जूतों और स्नीकर्स को लेकर अपने शौक के बारे में राहुल जेठवा (अवध बिहारी बाजपेयी) ने बताया, ''जूतों को लेकर मेरे प्यार की शुरूआत बहुत पहले हुई थी। बचपन में हमारे पास बहुत सीमित वित्तीय संसाधन थे, ऐसे में जूते खरीदना एक लग्जरी हुआ करता था। इसके बावजूद, जूतों को लेकर मेरा प्यार जागा और वह आज भी बरकरार है। जूते पहनना सिर्फ फैशन नहीं है, बल्कि इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ता है, साथ ही कम्फर्ट के साथ-साथ मेरी स्टाइल में भी चार चांद लगते हैं। अभिनय के अलावा, मुझे डांस करना भी पसंद है। इसलिए, मेरे जूते आरामदायक और टिकाऊ होने चाहिए। उनमें उचित आर्च और एंकल सपोर्ट होना चाहिए जिससे डांस करते समय चोट नहीं लगे और कठिन से कठिन डांस मूव्स भी स्थिर रहें। मुझे भड़कीले रंग बहुत पसंद हैं, और यह मेरी जिंदादिल शख्सियत को बयां करते हैं। मैं अलग-अलग ब्रांड्स को आजमाता हूं और स्ट्रीट में जूते ढूंढने में मुझे खूब मजा आता है। मैं जूतों की जमकर खरीदारी करता हूं और अब मेरे पास 50 से अधिक जोड़ी जूतों का कलेक्शन है, और इसे बढ़ाना जारी रखूंगा। मुझे लगता है कि जूते खरीदना और उनका कलेक्शन तैयार करना एक मजेदार एडवेंचर है। हर पेयर की अपनी एक अलग कहानी है - इन सबकी डिजाइनें, मटेरियल और वाइब्स अलग-अलग होती हैं। यह अपने पैरों के लिए एक अलग पर्सनैलिटी की वार्डरोब बनाने जैसा है। अलग-अलग ब्रांड्स और स्टाइलों को आजमाने और खुद के लिए



### गीतांजलि मिश्रा ने गरीबों की मदद करने के लिये दान की अपनी 10 सालों की बचत

एक ऐसी दुनिया में जहां व्यक्तिगत इच्छाओं और निजी महत्वाकांक्षाओं को अक्सर सबसे ज्यादा जरूरी माना जाता है, गीतांजलि मिश्रा ने, जोकि फिलहाल एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' में राजेश का किरदार निभा रही हैं, ने एक अनूठी मिसाल कायम की है। साधारण पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखने वाली गीतांजलि मिश्रा ने न सिर्फ बतौर अभिनेत्री कामयाबी हासिल की है, बल्कि जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिये अपनी दस सालों की बचत को दान कर अपनी समृद्धि का इस्तेमाल एक महान उद्देश्य के लिये करने का विकल्प भी चुना है। सामाजिक उत्तरदायित्व को लेकर अपनी वचनबद्धता के बारे में बताते हुये गीतांजलि मिश्रा ने कहा, ''मेरा मानना है कि समाज की भलाई के लिये किये जाने वाले काम में एक खूबसूरती होती है। समाज के प्रति जिम्मेदार होना मुझे यह सोचने के लिये प्रेरित करता है.

## ताहा शाह बदुशा ने पिलर्स ऑफ ह्यूमैनिटी फैशन शो में बधिर बच्चों के समर्थन में रैंप वॉक किया

मुंबई के फैशन परिदृश्य में पिलर्स ऑफ ह्यूमैनिटी फैशन शो में ग्लैमर और करुणा का एक अनूठा मिश्रण देखा गया, जो 23 फरवरी 2024 को प्रतिष्ठित गेटवे ऑफ मुंबई में हुआ। इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाली प्रसिद्ध हस्तियों में अरबाज खान, तनीषा मुखर्जी, मुनव्वर, नासिर खान, सुधीर मुनगंटीवार: वन मंत्री, महाराष्ट्र, रामदास अठावले: सामाजिक न्याय राज्य मंत्री, भारत, दीपक केसरकर: शिक्षा मंत्री, महाराष्ट्र शामिल थे। नारायणराव राणे: एमएसएमई मंत्री, भारत, नितेश नारायण राणे: विधायक, महाराष्ट्र, राहुल नार्वेकर: माननीय अध्यक्ष, महाराष्ट्र विधानसभा, रूपा गांगुली: अभिनेता और पूर्व विधायक और कार्यकर्ता, योगिता भयाना: कार्यकर्ता, और एस.पी. सिंह बघेल: संसद सदस्य (एमपी)। कार्यक्रम में उनकी भागीदारी के बारे में पूछे जाने पर, ताहा ने बधिर बच्चों के समर्थन में रैंप पर चलने के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, ऐसे सार्थक कारण के लिए रैंप पर चलना मेरे लिए दिल को छू लेने वाला था। यह सिर्फ फैशन से कहीं अधिक था; यह इसके बारे में था उन लोगों को आवाज़ देना जिनकी कहानियाँ अक्सर अनसुनी रह जाती हैं। मुझे इन उल्लेखनीय व्यक्तियों के साथ खड़े होने और समावेशिता और सशक्तिकरण की दिशा में उनकी यात्रा का समर्थन करने के लिए वास्तव में सम्मानित महसूस हुआ।



## हाल ही में एक कार्यक्रम में निर्देशक एटली कहते हैं, मुझे पैन इंडिया शब्द पसंद नहीं है

उद्योग में सबसे बड़ी हिट देने वाले निर्देशक एटली, जिन्होंने 2013 में राजा रानी के साथ अपने निर्देशन की शुरुआत की और शाहरुख खान अभिनीत अपनी हालिया ब्लॉकबस्टर जवान दी, एटली ने आलोचकों की प्रशंसा के साथ लगातार व्यावसायिक सफलता हासिल की है। थेरी, मर्सल, और बिगिल सहित उनकी फिल्मों ने न केवल बॉक्स ऑफिस पर दबदबा बनाया है, बल्कि पहचान और पुरस्कार भी हासिल किए हैं, जिससे उद्योग में सबसे अधिक मांग वाले निर्देशकों में से एक के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हुई है। हाल ही में एक कार्यक्रम में जब उनसे पैन इंडियन फिल्म्स के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, फिल्म बिरादरी के एक पेशेवर व्यक्ति के रूप में...मुझे पैन इंडिया की दुनिया पसंद नहीं है, भारत एक है और विविधता में एकता एक है। भाषा सिर्फ संचार माध्यम है। वे ज्ञान नहीं हैं। सभी फिल्में, उदाहरण के लिए हर कोई देखता है, केजीएफ सबसे बड़ी हिट है, केजीएफ के बाद यश भारतीय सुपरस्टार हैं, अल्लू अर्जुन सर – पुष्पा, विजय सर – विल्लू...तो मुझे लगता है कि हम एक हैं और हम कभी नहीं इसे पैन इंडिया फ़िल्में कहना पसंद है या क्रॉस ओवर सिनेमा, हम इसे भारतीय फ़िल्म, भारतीय फ़िल्म बिरादरी कहना पसंद करते हैं।



## परिवा प्रणति ने सोनी सब के 'वागले की दुनिया' के लिए कुछ एपिसोड लिखे

भारतीय टेलीविज़न के विशाल परिदृश्य में, सोनी सब पर 'वागले की दुनिया - नई पीढ़ी नए किस्से' आम आदमी के लिए भरोसेमंद कहानियों का शानदार उदाहरण है। लगभग 900 एपिसोड में बताई गईं 600 से अधिक विभिन्न कहानियों के साथ, इस शो ने अपनी कहानी के माध्यम से रोज़मर्रा की ज़िंदगी के सार को प्रदर्शित करने की कला में महारत हासिल की है। हालांकि इतने विशाल कैनवास के बीच कहानियों में ताज़गी और नवीनता बनाए रखना मुश्किल काम हो सकता है, लेकिन वागले की दुनिया ने कास्ट और क्रू के विचारों सहित सभी पहलुओं से रचनात्मकता को अपनाकर इस चुनौती को लगातार जीता है। अब, अपनी उपलब्धियों की सूची में एक और उपलब्धि जोड़ते हुए, सहज वंदना वागले का किरदार निभाने वाली, परिवा प्रणति शो के लिए लेखन के क्षेत्र में कदम रख रही हैं। उन्होंने मौजूदा वैलेंटाइन्स ट्रैक को लिखने की बागडोर संभाली है, जहां सखी विवान और कैरेन के बीच चुनाव को लेकर कंफ्यूज़ है। अपने लेखन के माध्यम से, परिवा युवा प्रेम की जटिलताओं पर प्रकाश डालते हुए, हर उम्र के दर्शकों को प्रभावित करने वाली भावनाओं और दुविधाओं के सार को प्रदर्शित करती हैं। जबकि यह वैलेंटाइन्स ट्रैक सामने आया है, परिवा का रचनात्मक टच सखी के सफर में गहराई और प्रामाणिकता लाने का वादा करता है, जहां वह टीनेज रोमांस के उतार-चढ़ाव से गुज़र रही है। वंदना वागले की भूमिका निभाने वाली परिवा प्रणति ने कहा, यह ज्यादा लोगों को पता नहीं है, लेकिन मैंने वाकई वागले की दुनिया के लिए इससे पहले दो कहानियां लिखी हैं।

# किरदारों की कशमकश!

एण्डटीवी के शो 'अटल', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में दर्शक अपने चहेते किरदारों को मुसीबत में फंसा देखेंगे। 'अटल' की आगे की कहानी के बारे में बताते हुये नन्हें अटल (व्योम ठक्कर) ने कहा, ''अटल के प्रयासों से, पड़ोस में भक्त अटल (व्योम ठक्कर) के साथ खड़े होने और दयाल (कृष्ण राज) को पुलिस की हिरासत से छुड़ाने के लिये जमा होते हैं। यह सब देखकर वकील तोमर (महमूद हाशमी) से मामले को सुलझाने की गुजारिश करता है, नहीं तो भयंकर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। एक नो- ऑब्जेक्शन पत्र पर भक्तों का अंगूठा लगवाकर वकील दयाल की रिहाई को अंजाम देता है, जिसके लिये अटल उनका आभार व्यक्त करता है। इस अग्निपरीक्षा के बाद, दामिनी (पल्लवी नवकर) ग्वालियर छोड़ देती है, जिसका दयाल समर्थन करता है। भावनात्मक विदाई के बीच, शहर छोड़ने से पहले दयाल अटल को शिक्षा के प्रतीक के रूप में एक कलम उपहार में देता है। शहर छोड़ने को लेकर दुःखी अटल जाने से पहले दयाल और अपने परिवार के साथ एक रात बिताता है। अगली सुबह, विमला (प्रचीती अहिराव) के साथ बगीचे में टहलने के दौरान अटल चैंक जाता है और तोमर की बातों में आकर आस-पास के लोगों द्वारा वहां से उसके चले जाने की मांग को लेकर आश्चर्यचकित रह जाता है।'' 'हप्पू की उलटन पलटन' की आगामी कहानी के बारे में बात करते हुये, दरोगा हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी) ने कहा, ''राजेश (गीतांजलि मिश्रा) हप्पू (योगेश त्रिपाठी) से नाराज है, क्योंकि वह उसकी अनकही भावनाओं को समझता नहीं है। मामले को और बिगाड़ते हुये कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) जानबूझकर खोदी (साहेब दास माणिकपुरी) से एक सवाल पूछती है, जिसका वह गलत जवाब देता है। हालांकि, राजेश से अपने मन की भावनाओं को छिपाते हुये कटोरी अम्मा दिखावा करती है कि खोदी का जवाब सही है। बाद में, वह खोदी पर बहुत गुस्सा होती है और कहती है कि वह और उसका बेटा दोनों एक जैसे हैं और दूसरे की दिल की अनकही भावनाओं को नहीं समझते हैं। हप्पू मनोहर (नितिन जाधव) को राजेश की नाराजगी के बारे में बताता है। मनोहर उसे कमिश्नर (किशोर भानुशाली) की मदद लेने की सलाह देता है। बाद में उन्हें पता चलता है कि खुद कमिश्नर को भी उसकी पत्नी से उसके मन की बात नहीं समझने में असफल रहने पर घर से बाहर निकाल दिया है और वह जेल की एक कोठरी में रात बिता रहा है। इस बीच मनोहर को एक वैज्ञानिक के बारे में पता चलता है, जो कर्ज नहीं चुका पाने की वजह से नेपाल भागने की कोशिश कर रहा है। इस वैज्ञानिक ने एक डिवाइस का आविष्कार किया है, जिसे यदि कान में लगा लिया जाये तो सामने वाले की मन की बातों को सुना जा सकता है। हप्पू इस गैजेट का इस्तेमाल करना शुरू करता है और सभी लोगों के मन की बात बताकर सबको चैंका देता है।''



# मेरा किरदार डिप्लोमैटिक पॉलिटिकल फिक्सर है जो राजनीति की रहस्यमय दुनिया में विशेष पहुंच रखता है

सोनी सब का 'वंशज' अपनी दिलचस्प कहानी से दर्शकों को बांधे रखता है, साथ ही लैंगिक दृष्टिकोणों और विरासत की जटिलताओं पर चर्चा करता है, जहां उत्तराधिकारियों के रूप में पारंपरिक रूप से पुरुषों का ही वर्चस्व रहा है। एक साल की लीप के बाद, शो में कहानी को नवीन, ऊर्जावान और दिलचस्प बनाए रखते हुए कुछ नए किरदारों को पेश किया गया है।

उत्कर्षा नाइक शो में कोयल (निशा नागपाल) की मां सृष्टि वर्मा की भूमिका निभाती हैं। अपने पति के निधन के बाद, वह महत्वाकांक्षा और चतुराई के साथ राजनीति में कदम रखती हैं। ज़्यादा औपचारिक शिक्षा न होने के बावजूद, उनके तेज़ दिमाग और चालाक स्वभाव ने उन्हें राजनीति की जटिल दुनिया में आगे बढ़ने में मदद की। सृष्टि के आने से कहानी में बड़े पैमाने पर बदलाव आया है, जो शो के सभी किरदारों पर स्थायी प्रभाव डालने का वादा करता है।



**क्या आप हमें अपने किरदार सृष्टि वर्मा और शो वंशज में उनकी एंट्री के बारे में बता सकती हैं?**

शो में सृष्टि वर्मा की एन्ट्री किसी सरप्राइज़ की तरह हुई है, वह अधिक ट्विस्ट और टर्न के लिए मौजूदा कहानी में अचानक आ जाती है। भले ही मैं नकारात्मक किरदार निभा रही हूं, मेरे सभी फैंस और दर्शक मुझे 'वंशज' में देखकर सुखद रूप से हैरान हैं। वे सोशल मीडिया पर भी प्रतिक्रिया दे रहे हैं, मुझे मैसेज कर रहे हैं और वे मुझे शो में देखकर रोमांचित हैं।

**सृष्टि वर्मा को पावर ब्रोकर और पॉलिटिकल फिक्सर बताया गया है। आपने उनके चालाक और स्ट्रीट-स्मार्ट स्वभाव को स्क्रीन पर कैसे निभाया है?**

मेरा किरदार सृष्टि वाकई चालाक है, लेकिन सटीक रूप से। वह मधुरभाषी है और कूटनीतिक होना जानती है, अक्सर किंगमेकर की भूमिका निभाती है। भले ही वह सीधे तौर पर राजनीति में शामिल नहीं है, लेकिन वह राजनेताओं को प्रभावित करती है और उन्हें बनाने या बर्बाद करने की ताकत रखती है। वह अपनी सबसे बड़ी ताकत का उपयोग करती है, किसी को भी अपनी पहुंच से बाहर नहीं छोड़ती है। विभिन्न नकारात्मक कर्मों में शामिल होकर, वह राजनीति के गंदे पानी में डुबकी लगाती है जहां ऐसे काम अक्सर आवश्यक होते हैं। एक किंगमेकर के रूप में, कूटनीति उसकी खूबी है, और उसकी रणनीतियां सावधानी से छुपी होती हैं। बाहरी तौर पर, वह बहुत प्यारी लगती है, लेकिन अंदर से, वह सत्ता का जटिल गेम खेल रही है।

**एक महिला होने के नाते, राजनीति की पुरुष-प्रधान दुनिया में आगे बढ़ने में सृष्टि को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है?**

सृष्टि को निस्संदेह हर तरफ से काफी विरोध का सामना करना पड़ा है। हालांकि, यह केवल उसके किरदार को मजबूत करने का काम करता है। एक मजबूत इरादों वाली महिला के रूप में, उसने सामाजिक मानदंडों को चुनौती दी है और चुनौतियों के बावजूद अपने लक्ष्य हासिल किए हैं। उसकी सहजता और दृढ़ संकल्प ने उसे आज इस मुकाम तक ??पहुंचाया है, जिससे वह अपने क्षेत्र में एक शानदार व्यक्तित्व बन रही है।

**शो में आपके किरदार का उसकी बेटी कोयल के साथ रिश्ता, उसके कामों और फैसलों को कैसे प्रभावित करता है?**

श्रीमती वर्मा एक बहुत ही प्रभावशाली महिला है, इसलिए उसका अपनी बेटी के साथ भी ऐसा ही रिश्ता है। हालांकि, वह अपनी बेटी से बेहद प्यार करती है, और यही कारण है कि वह अपनी बेटी के लिए इतनी सारी योजनाएं बना रही है। अपनी बेटी के साथ उसका रिश्ता बहुत ही अच्छा है, लेकिन जब ज़रूरत होती है, तो एक मां के रूप में वह अपनी बेटी पर नियंत्रण रखती है। यह एक बहुत ही सामंजस्यपूर्ण तालमेल है, और मैं वाकई निशा के साथ तालमेल बिठा रही हूं। हम साथ मिलकर अच्छा काम कर रहे हैं।

## एक नजर

### शासकीय आदर्श प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में वार्षिकोत्सव का आयोजन



**सिमगा, 25 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आदर्श प्राथमिक शाला एवम् पूर्व माध्यमिक शाला के तत्वाधान मै कक्षा 5 वी एवम आठवी के विद्यार्थियो का विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री रमेश सोनी, सूर्यकांत ताम्रकार, लखन देवांगन, दीनबंधु शर्मा, रिंकू भाटिया, कान्हा यदु नीरज शर्मा, माया सलूजा, सचिन जैन आदि मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया पूर्व एल्डरमैन दीनबंधु शर्मा द्वारा विदाई भाषण मै 14फरवरी को वेलेंटाइन डे की जगह। कृष्ण जन्माष्टमी के दिन प्यार और स्नेह का पर्व मनाने के लिए प्रेरित किया एवम विदाई भाषण से सबका मन मोह लिया प्राथमिक विधालय के संस्था प्रमुख शेष नारायण द्वारा विद्यालय का मांग पत्र पढ़ा एवम् जन प्रतिनिधियों को सौंपा नागरिक संघर्ष समिति के अध्यक्ष रमेश सोनी ने बच्चो को अच्छे विद्यार्थी के साथ आदर्श नागरिक बनने के प्रेरित किया विद्यालय में पीने के पानी के लिए बोर खनन करने की घोषणा किया। महामंत्री छोटू यादव ने विद्यालय खेल परिसर मै पेवर ब्लाक चेकर टाइल्स लगेंगे की घोषणा किया। विद्यालय परिवार द्वारा सभी घोषणाओं पर हर्ष व्यक्त किया भूतपूर्व छात्र नीरज शर्मा ने बच्चो को आदर्श विद्यार्थी बनने के लिए प्रेरित किया प्राथमिक एवम् पूर्व माध्यमिक के विद्यार्थियो द्वारा आकर्षक नृत्य कर कार्यक्रम मै समा बांध दिया कार्यक्रम मै प्रमुख रूप से माया सलूजा पुरुषोत्तम पाटकर राजवर्धन भोसले कुशुम सिंह राजा कटारे मनीषा पांडे नजमुनिषा शाह श्रद्धा ताम्रकार संगीता श्रीवास्तव उत्तम जांगड़े खेमिन ध्रुव रुखमण चकरधारी शिखा श्रीवास्तव शमीम बानो स्वप्निल महेश्वरी लोरी जगताप काजल सोनकर एवम बच्चो के पालक उपस्थित रहे कार्यक्रम का सफल संचालन टीका सोनकर द्वारा किया गया।

### जिला स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम में उच्च प्राथमिक शाला खंडाम के छात्रों ने प्राप्त किया पहला स्थान



**कोण्डागांव, 25 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत 'कबाड़ से जुगाड़' कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया जिसमें जिला कोण्डागांव अन्तर्गत पांचो ब्लाक से प्रतिभागी छात्र- छात्राएं गणित एवं विज्ञान प्रदर्शनी में अपना अपना मॉडल का प्रदर्शन किया। विज्ञान विषय पर उच्च प्राथमिक शाला खण्डाम के छात्रो द्वारा 'बहु फसलीय कृषि पद्धति' का माडल बनाया गया जिन्होंने जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसमें मछली पालन, मुर्गी पालन, सिंचाई के साधन, पशुपालन, जैविक खेती सौर ऊर्जा, गोबर गैस इत्यादि कारकों को पर्यावरण के अनुरूप प्रदर्शित किया गया। प्रतिभागी छात्र रोहित कोर्राम, अमित कोर्राम, हेमंत नेताम' द्वारा प्रस्तुती की गई। मार्गदर्शन शिक्षक कु. अम्बिका मरकाम के नेतृत्व में सहयोगी शिक्षक गुनेश साहू, केवलचंद बघेल, सुबेश भंडारी, मगलेश सिन्हा, भूतेश्वर साहू व दसरथ नेताम का विशेष सहयोग रहा। संकुल केंद्र पोलंग के सभी शिक्षकों का सहयोग मिला। इस उपलब्धि पर शाला परिवार ने सभी को बधाई दी। प्रतिभागी छात्र कोण्डागांव जिले के सुदूर एवं संवेदनशील अंचल से यहां आकर शिक्षा प्राप्त कर रहें हैं। उक्त जानकारी संकुल समन्वयक गौतम साहू ने दिया।

# प्रधानमंत्री मोदी का उद्बोधन सुनने बड़ी संख्या में पहुँचे लोग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

- विकसित भारत संकल्प यात्राः मिनी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि व जिला प्रशासन के आला अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में नागरिक हुए शामिल
- शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

**सुकमा, 25 फरवरी।** केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आज सुकमा जिले के मिनी स्टेडियम सुकमा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन सुनने बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं आम नागरिक उपस्थित हुए थे। आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं ग्रामीणों ने कार्यक्रम में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन को सुना। कार्यक्रम स्थल में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिक उपस्थित थे।



जिला मुख्यालय में आयोजित जिला स्तरीय विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में धनीराम बारसे, सोयम मुक्का, हुंगाराम मरकाम, विश्वराज सिंह चौहान, कोरसा सन्नू, संजय शुक्ला, नुपूर वैदिक, भूनेश्वरी यादव, दिलीप पेद्दी, बलीराम नायक, डमरूराम नाग, साई रेडडी, अरुण सिंह भदौरिया जनप्रतिनिधिगण सहित जिला पंचायत सीईओ लक्ष्मण तिवारी, संयुक्त कलेक्टर सूरज कश्यप, डिप्टी कलेक्टर प्रताप विजय खेस्स, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मधु तेता सहित जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकगण उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों को सामग्री का भी वितरण किया गया। इसके अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड एवं प्रधानमंत्री उवला योजना के तहत 05 हितग्राहियों को नवीन कनेक्शन के अलावा कृषि विभाग के द्वारा हितग्राहियों को मूंग बीज का वितरण तथा 71 हितग्राहियों को वन अधिकार पट्टा वितरण भी वितरण किया गया। इस दौरान अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण कर उनके विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी ली गई। शिविर में स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में चिकित्सकों के द्वारा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयां भी वितरित की गई।

### विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ पीएम संवाद कार्यक्रम

# सुकमा को अंदरूनी गांवों से जोड़ने 3 नवीन बसों के संचालन का शुभारंभ

- अंदरूनी गांवों के बीच घटी दूरियां, माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन और नीति आयोग की पहल पर चलाई जा रही बसें
- संवेदनशील क्षेत्रों में अब सार्वजनिक आवागमन के लिए हक्कुम मेल की सुविधा से विकास को मिलेगा नया आयाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 25 फरवरी।** जिले के माओवाद प्रभावित दशकों से अलग-थलग पड़ गए अंदरूनी इलाकों के लिए चार नई बस सेवा का शुभारंभ शनिवार को ज़िला मुख्यालय सुकमा में आयोजित विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ अभियान के वर्चुअल पीएम संवाद कार्यक्रम के मौके पर किया गया। जिससे अलग-थलग पड़ गए इन गांवों के बीच दूरियां घट जाएंगी और ग्रामीण अपने नाते-रिश्तेदारों से मिलने के साथ ही हाट-बाजारों तथा अन्य कार्यों के लिए भी आसानी से पहुंच सकेंगे। जिले के स्थानीय आदिवासी युवाओं के सुकमा ज़िला अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी द्वारा संचालित उक्त बस सेवा का नाम स्थानीय गोंडी बोली में हक्कुम मेल रखा गया है। शासन-प्रशासन द्वारा क्षेत्र में शांति स्थापना के साथ ही लोगों को बेहतर जीवन स्तर उपलब्ध करने के प्रयासों के तहत इन बसों का संचालन प्रारंभ किया जा रहा है। सीमा पर बसे आखिरी गांव के ग्रामीणों को जिला मुख्यालय में पहुंच कर अपना कार्य करवाने के लिए सार्वजनिक यातायात के साधनों के अभाव में बहुत ही कष्टप्रद कार्य होता था। साधनों के अभाव में या तो वे दूसरों पर अपने कामों के लिए निर्भर हो जाया करते थे या अपने अभावों को अपनी नियति समझ लिया करते थे। ऐसे में वे सुविधाएं जो जिला मुख्यालय में सुगम एवं सस्ती होती है उन्हें प्राप्त करने हेतु दिक्कत होने के साथ ही उन्हें कम गुणवत्ता के महंगे सामाग्री एवं सुविधाएं प्राप्त होती थी। जिसे देखते हुए ग्रामीणों को विशिष्ट सुविधाएं उपलब्ध कराने की दृष्टि से जिला प्रशासन द्वारा गांव-गांव तक बारहमासी आवागमन को सुगम बनाने के लिए यात्री बसों का परिचालन प्रारम्भ करने का निर्णय लेकर उक्त सुविधाओं को शुरू किया गया है।

हक्कुम मेल बस सेवा से मिलेगी दूरस्थ ईलाके के ग्रामीणों को सुगम आवागमन सुविधा- इन बसों के सुचारू संचालन हेतु जिला प्रशासन द्वारा सुकमा ज़िला अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी के माध्यम से संचालित उक्त बस सेवा का नाम स्थानीय गोंडी बोली में हक्कुम मेल रखा गया है। हुकुम का आशय हुकुम एक मुंह से बजाने वाले वाद्य यंत्र है। आदिवासी परम्परा के अनुसार इसे पंडुम, शिकार, सार्वजनिक बैठक, शादी-ब्याह में लोगों को इकट्ठा करने इत्यादि में बुलाने व संदेश देने के लिए बजाया जाता है इस वाद्य यंत्र को अन्य भाषाओं में तोड़ी या तुहरी के नाम से भी जाना जाता है। क्षेत्र के लोगों की इस भावनात्मक जुड़ाव को देखते हुए उक्त हुकुम मेल के जरिए दूरस्थ ईलाके के ग्रामीणों को सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए तीन बस रूट तैयार किए गए हैं, जिसमें ऐसे क्षेत्र जो अति संवेदनशील है उन्हें भी शामिल किया गया है।

#### बस सुविधा के लिए ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन को दिया धन्यवाद

जिले के अति संवेदनशील ग्राम इंजरम से कलेक्टर कार्यालय अपने कार्य हेतु आये ग्रामीण कारम पापैया, सीताराम कड़ती एवं मुका ने बताया कि नए बस रूट बन जाने एवं इस रास्ते पर बसों का चलना प्रारंभ होने से हमें बहुत राहत मिलेगी। हमारे बहुत सारे काम जिला मुख्यालय में ही हो पाते हैं जिनके लिए हमें दूसरों पर निर्भर होना पड़ता था कई बार साधन न मिलने पर कई किलोमीटर पैदल रास्ता तय कर हम दूसरे गांव में जाया करते थे जहां हमें किसी निजी वाहन या ऑटो-टैक्सी का घंटों इंतजार करना पड़ता था और जब कोई गाड़ी मिलती भी तो उसमें इतनी भीड़ होती की बैठना मुश्किल होता और उनके द्वारा मनमानी की कीमतें वसूल की जाती थी। जिससे हम बहुत परेशान थे। बसों के परिचालन से अब हमें रोज की परेशानियों से राहत मिलेगी। इसके लिए हम शासन और प्रशासन को धन्यवाद देते हैं कि उन्होंने हमारी दिक्कतों का संज्ञान लेकर हमें राहत दिलाई जा रही है।

### न्योता भोजन की अवधारणा सामुदायिक भागीदारी पर आधारित : कलेक्टर

**जगदलपुर 25 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर विजय दयाराम के.कहा कि न्योता भोजन की अवधारणा एक सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। मुख्यमंत्री की पहल पर समाज, वरिष्ठ नागरिक या सामान्य जनों के द्वारा स्कूली बच्चों के साथ भोजन करने की कार्यक्रम है। यह विभिन्न त्यौहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर बड़ी संख्या में लोगों को भोजन प्रदान करने की भारतीय परम्परा पर आधारित है। समुदाय के सदस्य ऐसे अवसरों, त्यौहारों पर अतिरिक्त खाद्य पदार्थ या पूर्ण भोजन के रूप में बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन प्रदान कर सकते है। यह पूरी तरह स्वैच्छिक है और समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन या तो पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं या अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पौष्टिक आहार हर व्यक्ति को नसीब नहीं होता है इसलिए अन्न का महत्व को समझते हुए अनाज को व्यर्थ नहीं करना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा इस प्रकार का आयोजन समाजों और वरिष्ठ नागरिकों के सहभागिता से प्रत्येक सप्ताह करने का प्रयास किया जाएगा। शुक्रवार को कलेक्टर विजय एवं जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे ने स्कूली बच्चों को भोजन परोस कर कर उपस्थित समाज के सदस्यों और पत्रकारों के साथ न्योता भोजन किया। शहर के टाउन हॉल में आयोजित न्योता भोजन में प्रशासन के साथ-साथ मैत्री संघ और बौद्ध समाज के पदाधिकारियों द्वारा सहयोग से आयोजित किया गया था।

# शीघ्र मिलेगा महंगाई भत्ता, वित्तमंत्री ने टीचर्स एसोसिएशन को दिलाया भरोसा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 25 फरवरी।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय पदाधिकारी प्रमोद भदौरिया, सूर्यकांत सिन्हा जिला अध्यक्ष उदयप्रकाश शुक्ला नोहर साहू, ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी को ज्ञापन देकर चर्चा करते हुए 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा होने पर 50 त्न पेंशन निर्धारण का प्रावधान करने की मांग की है।

ज्ञात हो कि दिनांक 1/1/1996 से प्रभावशील पुनरीक्षित वेतनमानों में प्राप्त वेतन के आधार पर पेंशन, पेंशन नियम 1976 में परिभाषित अनुसार 33 वर्ष की अर्हकारी सेवा होने पर 50 त्न पेंशन निर्धारण का प्रावधान छत्तीसगढ़ राज्य में प्रचलित है, कम सेवा होने पर अनुपातिक पेंशन निर्धारण का नियम है, इसके लिए प्रथम नियुक्ति तिथि को आधार बनाया जावे। सौपे गए ज्ञापन में केंद्र सरकार व अन्य राज्यों द्वारा किए गए आदेशों का हवाला देते हुए तथ्यात्मक पक्ष रखा गया है जिसमें भारत सरकार के आदेश सं. 38/37/08-पी.एंड पी डब्ल्यू (ए) कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय (पेंशन एवं पेंशन भोगी कल्याण विभाग नई दिल्ली ) दिनांक 2 सितंबर 2008 के पेंशन नियम के बिंदू 5 (2) में प्रावधान किया गया है कि पूरी पेंशन के लिए 33 वर्षों की पात्र सेवा के संबंधों को समाप्त कर दिया जाएगा एक बार सरकारी सेवक द्वारा 20 वर्षों की निर्धारित सेवा पूरी कर लेने के बाद पेंशन परिलब्धियों या पिछले 10 महीने के दौरान प्राप्त उपलब्धियों के औसत जो भी अधिक हो कि 50त्न पेंशन दी जाएगी। उत्तरप्रदेश सरकार के आदेश संख्या 1754/79-5-09क्क02/2009 लखनऊ दिनांक 16 सितंबर 2009 के पेंशन नियम 4( 2) में प्रावधान है कि वर्तमान में पूर्ण पेंशन प्राप्त करने के लिए अधिकतम 33 वर्ष की अर्हकारी सेवा प्रदान करना अनिवार्य है।

## समाचार संक्षेप



**सुकमा, 25 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 23 फरवरी को कुकानार परगान का भव्य मेला का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पर पुरे परगान व आसपास के देवी देवता बड़ी संख्या मे शिरकत हुए। हर वर्ष की भाँति पारम्परिक रीति-रिवाज के अनुसार कुकानार क्षेत्र का मेला भव्य रुप से सम्पन्न होता है। पूरे ग्राम देवताओं का होता सेवा अर्जी( पूजा पाठ)प्रकृतिक देवताओं से मांगा जाता सुख, समृध्दि, खुशहाली के लिए आशीर्वाद लिया गया।

### किसानों को बीज व जैविक खाद का किया गया वितरण



**सुकमा, 25 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के मिनी स्टेडियम में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र, सुकमा ने कृषि विभाग के साथ मिलकर प्रदर्शनी स्टॉल लगाया जिसमें पहले से चयनित कृषकों को दलहन तिलहन समूह अग्रिम पंक्ति फसल प्रदर्शन कार्यक्रम के अन्तर्गत 25 एकड़ मूंग, 25 एकड़ उर्द तथा 15 एकड़ सूरजमुखी फसल के बीज़ एवं जैविक खाद के साथ साथ 500 कृषि युग पंचांग, 2024 का वितरण किया गया, साथ ही जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को करीब 100 नग कृषि दर्शिका, 2024 का वितरण किया गया, कार्यक्रम में कलेक्टर हरीश एस., सभी प्रशासनिक अधिकारी, जन प्रतिनिधि, पूरे जिले से करीब 500 किसान, स्कूल के विद्यार्थियों के साथ साथ सभी विभागों के प्रमुख, अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे, कृषि विज्ञान केन्द्र से वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख एच. एस. तोमर, विषय वस्तु विशेषज्ञ आर. पी. कश्यप, कार्यक्रम सहायक डॉ संजय सिंह राठौर, ज्योतिष कुमार पोटला तथा मनोज कुमार बघेल उपस्थित थे।

### स्कूली छात्र-छात्राओं को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण



**सुकमा, 25 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत जिले के सेकेण्डरी स्तर के स्कूली छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों का तीन दिवसीय शैक्षिक भ्रमण को कलेक्टर हरिस. एस ने 22 फरवरी को हरी झण्डी दिखाकर राजधानी रायपुर के लिए रवानगी की। इस दौरान नितिन दंडसेना जिला शिक्षा अधिकारी, एस एस चौहान जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा उपस्थित थे। शिक्षा विभाग द्वारा गणित एंव विज्ञान क्लब के विज्ञान में विशेष रूची रखने वाले नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बच्चों का चयन कर सेकण्डी स्तर के इस भ्रमण में जिले के स्कूली छात्र/छात्रा को छत्तीसगढ़ सांइस सेन्टर, ऊर्जा पार्क, विज्ञान भवन, नया रायपुर, मंत्रालय, विवेकानंद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, इन्टरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, दर्शनीय स्थलों का एक्सपोजर विजिट कराया गया। छात्र/छात्राओं एंव सहायक परियोजना समन्वयक एंव कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी सीताराम सिंह राणा, खंड स्त्रोत समन्वयक वसीम खान, आनंद कुरवंशी प्राचार्य, बिन्दे सलाम, किरण मरकाम, लेखनी, वैशाली, प्रियंका को 5 : 00 बजे रवाना किया गया। बच्चों ने सांइस पार्क में विभिन्न मांडल उपकरणों का सूक्ष्मता से समझने का प्रयास सहित लाईब्रेरी का अवलोकन किया तथा विभिन्न प्रकार की पुस्तकें एवं पढ़ने की सुविधाओं को देखा। विज्ञान संकाय के अंतर्गत केमेस्ट्री लैब, बायोटेक्निकल लैब, बॉटनीकल लैब, कम्प्युटर लैब, आडिटोरियम देखा, ऊर्जा पार्क में शौर्य ऊर्जायुक्त वस्तुओं को देखा, दोपहर का भोजन पार्क में सुखनुमा माहौल में पिकनिक बनाया, पहली बार हवाई अड्डा एंव जहाज देखकर आनंदित हुए। इन्टरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम देखकर खेलने की ललक स्पष्ट रुप से बच्चों के चेहरे में देखी गयी। स्कूल शिक्षा विभाग एंव समग्र शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोगिक ष् राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत शैक्षिक भ्रमण योजना का स्वागत किया। छत्तीसगढ़ शासन एंव जिला प्रशासन सुकमा की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

### प्रधानमंत्री उज्जवला योजना : 228 हितग्राहियों को मिला गैस कनेक्शन



**उत्तर बस्तर/कांकेर, 25 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री उवला योजना के तहत गैस कनेक्शन हेतु आज न्यू कम्युनिटी हॉल में आयोजित कार्यक्रम में सांसद मोहन मंडावी सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में 228 हितग्राहियों को नया गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। सांसद मंडावी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री उवला योजना महिलाओं के हित में केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना से महिलाओं को स्वच्छ वातावरण के साथ धुंआरहित रसोई मिला है, जो क्रांतिकारी परिवर्तन है। साथ ही उनके स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने इस अवसर पर एलपीजी कनेक्शन प्राप्त करने वाली महिलाओं को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक देवलाल दुग्गा एवं सुमित्रा मारकोले, छत्तीसगढ़ मत्स्य बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भरत मटियारा, दिलीप जायसवाल सहित विभिन्न वार्डों के पार्षदगण उपस्थित थे।

### मर्दापाल अब शाखा डाकघर से उपडाकघर बना, शुभारंभ

# अब डाकघर से संबंधित किसी भी कार्य के लिए कोंडागांव जाना नहीं पड़ेगाः वर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कोण्डागांव, 25 फरवरी।** विकासखण्ड कोंडागांव के ग्राम मर्दापाल में 23 फरवरी शुक्रवार को शाखा डाकघर मर्दापाल को विस्तार करते हुए उपडाकघर के रूप में सृजित किया गया।

उपडाकघर का शुभारंभ निदेशक डाक सेवा दिनेश मिस्त्री एवं सहायक निदेशक जेएस पारधी, द्वारा फीता व केक काटकर की गई। सर्वप्रथम माँ सरस्वती के छायाचित्र के द्वीप प्रवलित, व फूलमाला पहनाकर की गई। शुभारंभ होने के साथ साथ मर्दापाल निवासी सुनती पांडे ने 1 लाख रु का महिला सम्मान बचत पत्र खुलवाया, सरस्वती ठाकुर ने 18 हजार रूपये का फिक्स डिपॉजिट किया तथा अवनि तिग्गा ने अपना सुकन्या समृद्धि का खाता खुलवाकर शुभारंभ की तिथि को यादगार बनाया। ततपश्चात मंचीय कार्यक्रम मर्दापाल के ग्राउंड में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग आरपी वर्मा ने कहा कि अब डाकघर से सम्बंधित किसी भी कार्य के लिए ग्रामीणों को कोंडागांव जाना नही पड़ेगा, अब पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट, बचत खाता परिपक्वता लाभ, किसान विकास पत्र, राष्ट्रीय बचत पत्र, पब्लिक प्रोविडेंट फंड, आधार सम्बंधित कार्य इत्यादि सेवाएं भी मर्दापाल में उपलब्ध होगी इसके अंतर्गत कुल 23 शाखा डाकघर संचालित होगी। इस पर उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। अब उपडाकघर के रूप में सृजित करने पर आसपास के लोगो को अनेक सुविधाएं मिल सकेगी। शुभारंभ कार्यक्रम के साथ साथ डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम भी किया गया जिसमें कुल 11 करोड़ का ग्रामीण डाक जीवन बीमा, 4.5 करोड़ पीएलआई, 500 से अधिक पीओएसबी खाते, आधार नामांकन व अपडेट 50, मर्चेट के 15 खाते, लाया गया। उत्कृष्ट के करने वाले ग्रामीण डाक कर्मचारियों को पुरस्कृत व प्रशस्ति पत्र भेट कर सम्मानित किया गया। शुभारंभ के मौके पर जिन्होंने खाता खुलवाया उनको भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन आरएस मिश्रा उपसंभागीय निरीक्षक डाक कोंडागांव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग आरपी वर्मा, सहायक अधीक्षक सुनील मलोथु, कार्यालय पर्यवेक्षक दिनेश देवांगन, सौरभ कुमार घोष सिस्टम मैनेजर, आरएस मिश्रा उपसंभागीय निरीक्षक डाक कोंडागांव, सुभाष भुआर्य, तहसीलदार मर्दापाल अरुण सिंह, सरपंच ग्राम मर्दापाल महेंद्र पात्र, प्रीतम गुप्ता मैनेजर आईपीपीबी, शत्रुघन निषाद उपडाकपाल कोंडागांव, रूहुल शेख, डिकेश मिर्झा, नईम खान, अनिल दीवान, सूर्यप्रसाद दीवान, हरेन्द्र यादव, संदीप राव, देवकुमार कौशल, सहित समस्त ग्रामीण डाक सेवक सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# भव्य गंगा आरती के साथ राजिम कुंभ कल्प का शुभारंभ

## तीर्थनगरी राजिम के पवित्र कुंभ में देशभर के साधु-संतों ने लिया हिस्सा, रामोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है राजिम कुंभ कल्प

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 25 फरवरी।** जीवन दायिनी महानदी, पैरी नदी और सोंढूर नदी के त्रिवेणी संगम छत्तीसगढ़ का प्रयाग राजिम में राजिम कुंभ कल्प-2024 का गंगा आरती के साथ भव्य शुभारम्भ हुआ। संगम नगरी राजिम कुंभ कल्प में अयोध्या धाम का आकर्षक वैभव दिखा। यह राजिम कुंभ कल्प रामोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है इस मौके पर मंत्रीगण श्री बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री श्री रामविचार नेताम, श्री टंक राम वर्मा, पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री अजय चंद्राकर, विधायक श्री रोहित यादव विशेष रूप से मौजूद थे।

संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने इस मौके पर कहा कि राजिम कुंभ कल्प में संत महात्मा अमृतवाणी, शिव वर्षा करते हैं मैं उनका अभिनंदन और स्वागत करता हूं। पूरे देश में नदियों, पानी को बचाने जुटी साध्वी प्रज्ञा भारती का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि नदियों के त्रिवेणी संगम की तरह ही राजिम में तीन जिलों का भी संगम है।



छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की जन्मभूमि है, प्रभु श्रीराम का वन गमन मार्ग है यह पूरे देश और विश्व को पता लगे इसी उद्देश्य से राजिम कुंभ कल्प का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि माघी पुन्नी मेला हमारे देश के हजारों लाखों साल का इतिहास है परंतु इतिहास को समृद्ध बनाना हमारी जिमेदारी हैं। इसीलिए हमारी सरकार ने संत महात्माओं के सुझाव पर इसके साथ में कल्प शब्द जोड़ा और राजिम कुंभ कल्प के रूप में आयोजन किया जा रहा है।श्री अग्रवाल ने कहा कि आगामी 15 दिनों तक संत समागम, सहित विभिन्न आयोजन चलता रहेगा। महाशिव रात्रि के शुभ अवसर पर कुंभ मेला का समापन होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से प्रदेश का सम्मान बढे, देश भक्ति की भावना बड़े क्योंकि देश है तो धर्म है और धर्म है तो देश है। बिना धर्म के देश भी नहीं है और बिना देश के धर्म भी नहीं है। इसके देश को भी हमको बचाना है देश को भी समृद्धिशाली बनाना है।

कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कहा कि हम सबके लिए गौरव का पल है कि आज राजिम कुंभ कल्प का शुभारंभ सभी सम्माननीय साधु-संत-महात्माओं की उपस्थिति और महामंडलेश्वर अग्नि पीठाधीश्वर कृष्णानंद महाराज जी की उपस्थिति में शुभारम्भ हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार धार्मिक आध्यात्मिक और सबकी आस्था का सम्मान करने वाली है। कुम्भ मेला के माध्यम से प्रदेश और देश का मान बढ़े ऐसी कामना करता हूं। पूर्व मंत्री व विधायक श्री अजय चंद्राकर ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के अथक प्रयासों से अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला को प्रतिस्थापित करने में सफल हुए हैं। श्री चंद्रकार ने कहा कि पिछली सरकार ने प्रबुद्धजनों से सुझाव लिए बिना की कुछ स्थानों पर राम वन गमन मार्ग बना दिया। हमारी सरकार लोगों की आस्था और विश्वास को टूटने नहीं देगी। कार्यक्रम को सांसद श्री चुन्नीलाल साहू और विधायक श्री रोहित साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध गायिका अनुराधा पौडवाल ने कर्णप्रिय भजन की प्रस्तुति दी और नृत्य नाटिका 'गीतक दर्शन' ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में विधायक श्री इन्द्र कुमार साहू, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के सचिव श्री अन्बलगन पी., संभागायुक्त श्री संजय अलंग, प्रबंध संचालक पर्यटन मंडल श्री जितेंद्र शुक्ला, संचालक संस्कृति श्री विवेक आचार्य सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे विश्व प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ के प्रयाग राज राजिम में आयोजित राजिम कुंभ कल्प मेला की शुरूआत 24 फरवरी को पुण्य स्नान के साथ हो गई है। कुंभ कल्प मेला के पहले ही दिन पोलेण्ड से विदेशी पर्यटन राजिम पहुंचे। पर्यटक जॉन एवं अनु ने कुंभ आनंद लिया। मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए बताया कि राजिम आकर उन्हें बहुत अच्छा लगा। यहां के लोग एवं मेले की भव्य सजावट देखकर काफी प्रभावित हुए। वे पहली बार राजिम कुंभ में आए हैं। चूंकि उनका मुख्य उद्देश्य साधु-संतों से मिलने का था, लेकिन साधु संतों से नहीं मिलने के कारण उन्हें काफी निराशा भी हुई, लेकिन जब उन्हें बताया गया तो उन्होंने पुनः राजिम आने के बात कहते हुए संतों से मिलने की उत्सुकता जाहिर की।

# 20 वर्ष की सेवा में पूर्ण पेंशन एवं 12% से अधिक स्वैछिक कटौती की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम 25 फरवरी।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी को ज्ञापन देकर चर्चा करते हुए 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा होने पर 50त्न पेंशन निर्धारण का प्रावधान करने की मांग की है।ज्ञात हो कि दिनांक 1जनवरी 1996 से प्रभावशील पुनरीक्षित वेतनमानों में प्राप्त वेतन के 33 वर्ष की अर्हकारी सेवा होने पर 50त्न पेंशन निर्धारण का प्रावधान छत्तीसगढ़ राज्य में प्रचलित है.कम सेवा होने पर अनुपातिक पेंशन निर्धारण का नियम है.इसके लिए प्रथम नियुक्ति तिथि को आधार बनाया जावे।टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा एवं प्रदेश संयुक्त मंत्री पूरन लाल साहू ने बताया कि सौपे गए ज्ञापन में केंद्र सरकार व अन्य राज्यों द्वारा किए गए आदेशों का हवाला देते हुए तथ्यात्मक पक्ष रखा गया है जिसमें भारत सरकार के आदेश सं.38/37/08-पी.एंड पी डब्ल्यू (ए) कार्मिक,लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय (पेंशन एवं पेंशन भोगी कल्याण विभाग नई दिल्ली )दिनांक 2 सितंबर 2008 के पेंशन नियम के बिंदू 5 (2) में प्रावधान किया गया है कि पूरी पेंशन के लिए 33 वर्षों की पात्र सेवा के संबंधों को समाप्त कर दिया जाएगा एक बार सरकारी सेवक द्वारा 20 वर्षों की निर्धारित सेवा पूरी कर लेने के बाद पेंशन परिलब्धियों या पिछले 10 महीने के दौरान प्राप्त उपलब्धियों के औसत जो भी अधिक हो कि 50त्न पेंशन दी जाएगी उत्तरप्रदेश सरकार के आदेश संख्या 1754/79-5-09ङ्ग02/2009 लखनऊ दिनांक 16 सितंबर 2009 के ÷पेंशन नियम 4( 2) में प्रावधान है कि वर्तमान में पूर्ण पेंशन प्राप्त करने के लिए अधिकतम



33 वर्ष की अर्हकारी सेवा प्रदान करना अनिवार्य है, परंतु उक्त व्यवस्था संशोधित करते हुए तत्काल प्रभाव से या व्यवस्था की जाती है कि पूर्ण पेंशन प्राप्त करने के लिए 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा करना अनिवार्य है जो कर्मी 20 वर्ष की हर कार्य सेवा पूर्ण कर के सेवानिवृत्त होते हैं उन्हें अंतिम आहरित वेतन के 50 प्रतिशत अथवा अंतिम 10 माह में आहरित वेतन के औसत जो भी अधिक लाभप्रद हो, उन्हीं के आधार पर पेंशन अनुमन्य होगी.उत्तराखंड सरकार के आदेश संख्या 723 /××1द्बद्ब( 7)/2010 देहरादून 29 अक्टूबर 2010 के स्पस्टीकरण आदेश के बिंदु क्रमांक 6 में प्रावधन किया गया है कि 1जनवरी 2006 के बाद सेवानिवृत्त कार्मिकों को 20 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर पूर्ण पेंशन एवं अंतिम माह के वेतन का 50त्न का लाभ अनुमन्य किया गया है।4त्न महंगाई भत्ता देय तिथि जुलाई 2023 से देने आदेश जारी किया जावे.प्रदेश के कर्मचारियों/शिक्षकों की ओर से छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की मांग है कि शीघ्र ही देय तिथि जुलाई (2023 से 4 त्न) कुल 46त्न महंगाई भत्ता प्रदान किया जावे।पुरानी पेंशन योजना (सीजीपीएफ ) में 12त्न से अधिक स्वेच्छा से कटौती का प्रावधान करने तथा ब्याज की राशि ई कोष में दिखाया जावे।पुरानी पेंशन योजना में प्रावधान बनाने निम्नलिखित मांग किया गया है जिसमें पुरानी पेंशन योजना में न्यूनतम 12त्न राशि कर्मचारियों/ शिक्षकों के वेतन से कटौती का प्रावधान है, कर्मचारियों/शिक्षकों के स्वेच्छा से इसमें 12त्न से अधिक राशि अपने वेतन से कटवाने का नियम है,परन्तु 1 अप्रैल 2022 से लागू पुरानी पेंशन योजना में 12त्न से अधिक राशि अपने वेतन से कटवाने का नियम/आदेश नही बना है, जो भी कर्मचारी/शिक्षक 12 त्न से अधिक राशि अपने वेतन से स्वेच्छा से कटवाने के इच्छुक है उनके लिए प्रावधान बनाते हुए ई कोष के सॉफ्टवेयर में ऑप्शन देने हेतु निर्देश जारी किया जावे.सी जी पी एफ में कटौती पश्चात जमा राशि पर ब्याज की गणना कर जानकारी ई कोष में कर्मचारी को दिखने का ऑप्शन दिया जावे।पुरानी पेंशन योजना (सी जी पी एफ ) के लिए वेतन आहरण अधिकारियों द्वारा पासबुक के संधारण करवाने हेतु सभी जिला ट्रेजरी आफिसर को निर्देश जारी किया जावे.संविलियन के पश्चात कोष लेखा एवं पेंशन से सेवा* *पुस्तिका का संधारण नही किया जा रहा है, इस हेतु प्रत्येक जिला में कैम्प लगाकर सेवा पुस्तिका का संधारण करने निर्देश जारी किया जावे.छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल को चर्चा के दौरान वित्तमंत्री ओ पी चौधरी जी ने शीघ्र महंगाई भत्ता दिए जाने का भरोसा दिया साथ ही कहा कि 12त्न से अधिक स्वैछिक कटौती कर्मचारियों के हित मे है, इससे जमा राशि मे बढ़ोत्तरी भी होगी, इसमे ध्यान देते हुए निर्देश दिए जाएंगे।

# फ्लाईओवर से वाहनों की आवाजाही का लिया ट्रायल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई 25 फरवरी।** फोरलेन सड़क के डबरा पारा फ्लाईओवर से वाहनों की आवाजाही शुरू हो जाएगी। इससे पहले आज दोपहर दुर्ग से रायपुर की दिशा में एक घंटे के लिए फ्लाईओवर को ट्रायल रन के लिए खोल दिया गया। डीएसपी ट्रैफिक सतीश ठाकुर ने राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में नारियल तोड़कर बतौर ट्रायल सभी तरह के वाहनों को दुर्ग से रायपुर की दिशा फ्लाईओवर से रवाना किया दो दिन बाद 28 फरवरी से फ्लाईओवर को दोनों तरफ से आवाजाही के लिए खोल दिया जाएगा शहर वासियों को फोरलेन सड़क पर एक और फ्लाईओवर की सौगात मिलने जा रही है सुपेला और पावर हाउस के बाद अब डबरा पारा फ्लाईओवर को 28 फरवरी से आवाजाही के लिए शुरू किए जाने की तैयारी हो चुकी है। इसके साथ ही वाहन चालकों को जाम की समस्या से राहत मिल जाएगी। इससे पहले आज दोपहर एक घंटे के लिए डबरा पारा फ्लाईओवर को ट्रायल रन के लिए दुर्ग से रायपुर की दिशा में खोल दिया गया। डीएसपी ट्रैफिक सतीश ठाकुर ने पूजा अर्चना कर नारियल तोड़ा और सभी तरह के वाहनों को फ्लाईओवर से रायपुर की दिशा में गुजरने का संकेत दिया गौरतलब रहे कि लगभग 5 साल पहले सुपेला से कुम्हारी के बीच फोरलेन सड़क पर चार फ्लाईओवर निर्माण कार्य शुरू हुआ था। इनमें से सुपेला और पावरहाउस चौक पर बने फ्लाईओवर से आवाजाही शुरू हो चुकी है। वहीं निर्माण के दौरान आए तकनीकी दिक्कत के चलते कुम्हारी के फ्लाईओवर का एक तरफ का सड़क आवाजाही में इस्तेमाल हो रहा है। अब डबरा पारा फ्लाईओवर शुरु हो जाने से न केवल भिलाई दुर्ग और रायपुर बल्कि विभिन्न राज्यों से आकर गुजरने वाली लंबी दूरी की वाहनों को भी आवाजाही सुगम हो जाएगी यहां पर यह बताना भी लाजिमी होगा कि डबरा पारा रेलवे पूल के दायरे में फोरलेन सड़क बनने के दौरान सर्विस लेन का निर्माण नहीं किया गया था। ऐसे में फ्लाईओवर निर्माण के लिए मुख्य सड़क के दोनों ओर गहराई वाली जगह को कंक्रीट की दीवार घेरकर सड़क बनाने की जरूरत पड़ी। दोनों किनारों पर



बनी सड़क की चौड़ाई काफी कम होने से डबरा पारा तिराहे पर प्रायः रोजाना जाम लगने से वाहन चालकों को लेट लतीफी का शिकार होना पड़ता रहा।

वहीं ट्रांसपोर्ट नगर की ओर से आने जाने वाले भारी वाहनों के चलते दुर्घटना के लिहाज से डबरा पारा चौक ब्लेक स्पॉट साबित हो रहा था। अब फ्लाईओवर शुरु हो जाने से वाहनों चालकों को काफी राहत मिल जाएगी मार्च में शुरू होगा कुम्हारी का फ्लाईओवर डीएसपी ट्रैफिक सतीश ठाकुर ने बताया कि चार में दो फ्लाईओवर में पहले से आवाजाही शुरू हो चुकी है। अब डबरा पारा फ्लाईओवर को आज हुए ट्रायल रन के बाद 28 फरवरी को खोल दिया जाएगा। इसके बाद सबकुछ ठीक रहा तो 20 मार्च से कुम्हारी के फ्लाईओवर से दोनों तरफ सभी तरह के वाहनों की आवाजाही शुरू कर दी जाएगी। डबरा पारा में आए दिन जाम लगने से वाहन चालकों को गंतव्य तक पहुंचने में देरी हो रही थी। वहीं ट्रांसपोर्ट नगर की ओर आने जाने वाले भारी वाहनों के चलते होने वाली दुर्घटना को नियंत्रित करने में फ्लाईओवर के शुरू हो जाने आसानी होगी।

## युवक की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**भिलाई 25 फरवरी।** भिलाई नगर थाना क्षेत्र 32 बंगला एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है आरोपित ने सिर पर पत्थर पटककर उसकी हत्या की है मृतक की पहचान हो चुकी है और अब पुलिस आरोपित की तलाश में जुट गई है आरोपित का पता लगाने के लिए आइजी कार्यालय सहित दुर्ग से भिलाई की ओर आने वाले मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की जा रही है हालांकि आरोपित के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है 32 बंगला झाड़ियों में एक युवक की लाश मिली मृतक की पहचान तकिया पारा दुर्ग निवासी शेख शाहरुख खान (27 ) के रूप में की गई है वह अपने माता-पिता व दो छोटे भाइयों से अलग अपनी दादी के साथ रहता था और इंदिरा मार्केट दुर्ग के स्टैंड में काम करता था किसी अज्ञात आरोपित ने सीमेंट के बड़े से पंत्थर से उसकी हत्या की है शव को देखकर आशंका जताई जा रही है कि उसकी हत्या शुक्रवार की रात को की गई है नौ साल पहले किया था अंतरजातीय विवाह शेख शाहरुख ने नौ साल पहले अंतरजातीय विवाह किया था लेकिन उसकी शादी ज्यादा दिनों तक नहीं टिकी और दो साल बाद ही उसका तलाक हो गया तलाक के बाद उसकी पत्नी अपने बच्चे को लेकर अलग रहने लगी थी इसके बाद से वह अपनी दादी के साथ रहता था ।

## भय मुक्त परीक्षा की थीम को लेकर दिए सफलता के टिप्स

# ब्रह्मकुमारी बहनों ने स्कूल-कॉलेजों में जाकर विद्यार्थियों को दिए मोटिवेशनल स्पीच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 25 फरवरी।** ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेज में बच्चों को परीक्षा से भय मुक्त करने हेतु दिए गए मोटिवेशनल स्पीच, ब्रह्माकुमारी बहनों ने भय मुक्त परीक्षा की थीम को लेकर सर्वप्रथम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजपुर में बच्चों को दिए सफलता के टिप्स। उक्त अवसर पर धमतरी से आई ब्रह्माकुमारी सरस दीदी, नगरी से आई ब्रह्माकुमारी भावना बहन एवं ब्रह्माकुमारी मुलेश्वरी बहन, निशा बहन तथा संस्था प्राचार्य श्री रमेश टंडन तथा शिक्षक शिक्षिकाएं श्री डोमार सिंह ध्रुव, श्रीमती राजेश्वरी कुंजाम, श्रीमती योगिता कतलम, श्रीमती सुनीता कोसरे एवं शांडिल्य सर सहित लगभग 100 विद्यार्थी उपस्थित रहे तत्पश्चात द्वितीय पाली में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुगली में



ब्रह्माकुमारी सरस दीदी एवं ब्रह्माकुमारी भावना बहन ने बच्चों को मोटिवेशनल क्लास कराया उक्त अवसर पर संस्था प्राचार्य श्रीमती मीनाक्षी रामटेके, श्रीमती पूर्णिमा सोम व्याख्याता, देवानंद साहू व्याख्याता, मुकेश साहू व्याख्याता, सुनीता ध्रुव व्याख्याता, गेसू नेताम व्याख्याता, अनुसूईया मरकाम व्याख्याता, श्री ओ.पी. वर्मा प्रधान पाठक माध्यमिक शाला सहित हायर सेकेंडरी, माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला के समस्त स्टाफ सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। द्वितीय दिवस में शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय के सभागार में महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं को परीक्षा से भय मुक्त करने हेतु सभा का आयोजन किया गया इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य श्री मेहरा जी डॉ. अंबा शुक्ला, डॉ. ममता सौरज, श्रीमती उर्वशी साहू, श्रीमती गीता साहू, श्री प्रमोद चौबे डॉ. शिवेंद्र धुर्वे, ओमन निषाद, शिखा खान सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे । सर्वप्रथम माता सरस्वती जी की पूजा अर्चना की गई तथा महाविद्यालय स्टाफ द्वारा ब्रह्माकुमारियों का पुष्पकुच्छ भेंट कर स्वागत सत्कार किया गया। तत्पश्चात पीतांबर भाई ने बहुत सुंदर गीत प्रस्तुत किया। धमतरी से आई ब्रह्माकुमारी सरस दीदी जी ने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा परीक्षा हमें एक कक्षा से दूसरे कक्षा में प्रमोट करता है अतः परीक्षा से घबराना नहीं है यही वह समय होता है जब आप अपना करियर बना सकते हो इसके लिए आपको कठिन परिश्रम की आवश्यकता होती है क्योंकि आपका उज्जवल भविष्य आपका इंतजार कर रहा होता है शर्त यह होती है कि आप उसकी कसौटी पर कितना खरा उतरते हैं ।

## एक नजर

### खुद के आवास से मनोज के जीवन में आई खुशियां



**बीजापुर 25 फरवरी।** शासन की एक योजना कैसे किसी व्यक्ति और उसके परिवार के लिए खुशहाली का कारण बन जाता है। यह देखने को मिला हमें विकासखंड बीजापुर के ग्राम पंचायत तुमनार में। श्री मनोज तेलम को उनके नाम से प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ । जल्द ही आवास पूर्ण कर वह अपने नए घर में रहने लगे। यह घर उनके लिए खुशियां लेकर आई नए घर में आने के साथ उन्होंने अपनी आजीविका के लिए दुकान खोल ली तो वहीं उनके घर बेटे ऋषभ का भी जन्म हुआ। मनोज अपने छोटे से परिवार पत्नी मंगली और साढ़े 3 साल की बेटी रिया और 9 माह के बेटे के साथ हंसी खुशी जीवन यापन कर रहे हैं। हितग्राही मनोज बताते है कि कच्चे मकान में जीवन यापन करने को मजबूर थे। बारिश के दिनों में पानी टपकाने के कारण रात गुजारना कठिन हो जाता था। वर्ष 2018-19 में 1 लाख 30 हजार की लागत से प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृत हुई।जल्द ही मैंने अपना आवास पूर्ण कर लिया। इसके लिए उन्हें अलग से महात्मा गांधी नरेगा से 95 दिवस का मजदूरी भी मिली। साथ इस घर को बनाने अपने पहले से जमा की गई राशि को भी लगाया ताकि घर अच्छे से बन पाए। आवास बनने के बाद मैने एक दुकान भी खोल लिया है, जिससे मुझे अपने परिवार की आजीविका चलाने में मदद मिल रही है। मेरी बड़ी बेटी रिया है और बेटे ऋषभ का जन्म आवास में आने के बाद ही हुआ है। वह अभी 9 माह का ही है। मेरे पड़ोसी और हमारे रिश्तेदार मुझे बोलते भी है कि मुझे यह आवास बहुत फलीभूत हो रही है।

### पीएमजेजे बीमा योजनाः मृत्यु उपरांत 2 लाख रुपए की बीमा राशि मिली नामिनी को

**बीजापुर 24 फरवरी।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत ग्राम पंचायत कांदुलनार में सक्रिय महिला के रूप में कार्य करने वाली श्रीमती राम बाई और ग्राम पंचायत बारेगुड़ा के आश्रित ग्राम सकनापल्ली श्रीमती प्रणहिता तलांडी का बीते दिनों निधन हो गया था। ये दोनो महिलाए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्व सहायता समूह से जुड़ी हुई थी। रामा आंगनपल्ली को उनकी पत्नी स्व श्रीमती राम बाई और कंकैया तलांडी को उनकी पत्नी स्व श्रीमती प्रणहिता तलांडी के मरणोंपरांत प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की 2 लाख रूपये की बीमा राशि उनके खाते में प्राप्त हो गई है। भोपालपटनम के एनआरएलएम की प्रोफेसनल रिर्सोस पर्सन श्रीमती अनकम्मा देवी ने बताया कि मृत्योपरांत ग्राम पंचायत से मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर, आधार कार्ड और पासबुक जिसमें बीमा प्रीमियम की राशि की कटौती की गई थी उसे बैंक में जमा करने में मदद की । उनके पति श्री कंकैया तलाड़ी के खाते में बीमा क्लेम की राशि 2 लाख रूपये प्राप्त हो गए।बीजापुर एनआरएलएम की प्रोफेसनल रिर्सोस पर्सन श्रीमती मंजू बंजारे बताती हैं कि जो महिलाएं स्व सहायता समूह से जुड़कर कार्य कर रही हैं उन्हें हम लोगों ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की जानकारी देते हुए बताया था कि 330 रुपए सालाना प्रीमियम (वर्तमान में 436 रू) का भुगतान करना होता है जिसके बाद 2 लाख रूपये का जीवन बीमा प्रदान किया जायेगा। यह गरीब परिवार के लिए अच्छी योजना है। सहमति उपरांत सक्रिय महिला की मदद से उनका फार्म भरकर बैंक में जमा करवाने में सहायता किये थे। मृतक के उत्तराधिकारियों का कहना है कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना हम जैसे गरीब परिवार के लिए एक अच्छी योजना है।केंद्र सरकार का बहुत बहुत धन्यवाद है जिन्होंने हम जैसे सामान्य लोगों के लिए कम राशि में बीमा योजना की शुरुआत की है।

### एक्सिस बैंक के बरगंडी प्राइवेट और हुरुन इंडिया ने जारी किया सूची का तीसरा संस्करण



**रायपुर , 25 फरवरी।** बरगंडी प्राइवेट, एक्सिस बैंक के प्राइवेट बैंकिंग बिजनेस और हुरुन इंडिया ने 2023 बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500 लॉन्च किया, जो भारत की 500 सबसे मूल्यवान कंपनियों की सूची का तीसरा संस्करण है। इन कंपनियों को उनके मूल्य के अनुसार स्थान दिया गया है, जिसे सूचीबद्ध कंपनियों के लिए बाज़ार पूंजीकरण और गैर-सूचीबद्ध कंपनियों के लिए मूल्यांकन के रूप में परिभाषित किया गया है। इस सूची में कंपनियों को शामिल करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2023 थी। यह सूची में केवल भारत में मुख्यालय वाली कंपनियों को शामिल किया गया है। इसमेंसरकारी स्वामित्व वाली कंपनियां और विदेशी या भारतीय कंपनियों कीसहायक कंपनियां शामिल नहीं हैं। 2023 बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500% सूची में शामिल होने के लिए, कंपनियों के पास न्यूनतम 6,700 करोड़ रुपये कामूल्य होना आवश्यक है, जो 807 मिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर है। बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500 में कंपनियों की औसत परिचालन अवधि38 साल है। 2023 बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500 कंपनियों का कुल मूल्य 231 लाख करोड़ रुपये (2.8 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर) है, जो 2021 में प्रकाशित उद्घाटन संस्करण की तुलना में सपाट रहता है। बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 दोनों में साल दर साल 7त्न की बढ़ोतरी हुई, जबकि एसएंडपी बीएसई 500 पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 9.5त्न ऊपर रहा।

## समाचार संक्षेप

### डीए की माँग को लेकर फेडरेशन ने सौंपा मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन



**बीजापुर 25 फरवरी।** एक बार पुनः डी ए एवं सातवें वेतनमान की माँग अंतिम एरीयर्श की माँग सहित विभिन्न माँगों को लेकर माननीय मुख्यमंत्री एवं श्रीमान मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन जिला संयोजक के डी राय ,जिलाध्यक्ष मो जाकिर खान वा जिला सचिव कैलाश रामटेके के नेतृत्व मे डिप्टी कलेक्टर श्रीमान दिलीप उईके को ज्ञापन सौंपा गया। डी ए की माँग को लेकर प्रदेश भर के कर्मचारी आक्रोशित हैं। पूर्व सरकार मे भी कर्मचारी आंदोलनरत रहे हैं।सौपे गये ज्ञापन मे माँग की गई है कि शासन -प्रशासन को समय- समय पर ज्ञापन देकर अनुरोध किया जाता रहा है।लेकिन खेद का विषय है कि निराकरण नही होने के कारण कर्मचारी -अधिकारी आक्रोशित हैं। सौंपे गये ज्ञापन मे प्रमुख माँगे मोदी की गारंटी अनुसार केन्द्र के समान 4 प्रतिशत मँहगाई भत्ता देय तिथि से दिया जावे।डी ए की लंबित एरियर्श राशि का समायोजन जीपीएफ खाते मे किया जावे।पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजिनक किया जावे।सातवें वेतनमान का अंतिम किश्त की एरीयर्श राशि जारी किया जावे।अनुरोध किया गया है कि लोकसभा चुनाव आचार संहिता लगने के पूर्व उपरोक्त मुद्दों का तत्काल कार्यवाही करने का निवदेन किया गया है।डिप्टी कलेक्टर दिलीप उईके द्वारा आश्वासन दिया गया है कि आपकी माँगे शासन -प्रशासन तक पहूँचाई जायेंगी।प्रतिनिधि मंडल मे महेश शेट्टी,वीरा राजा बाबु,बी एल पुजारी,डी सुबैया,राजेश मिश्रा,अप्पाराव ,राजेन्द्र पसपुल ,पवन ठाकुर,महेन्द राणा, नारायण मूर्ति,डॉ खेश, सी वेंक्टेश्वर ,मंजूलता कूजूर ,सहित कई पदाधिकारी शामिल थे।

### कलेक्टर सुबह से निकले नगर भ्रमण पर शौचालयों की अव्यवस्था पर जताई नाराजगी



**बीजापुर 25 फरवरी।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने नगर पालिका बीजापुर के विभिन्न वार्डो का सुबह 07:30 बजे से भ्रमण किया जिसमें वार्ड क्रमांक 07 शांति नगर में समुचित मात्रा मे पेयजल की आपूर्ति करने के लिए सीएमओ बीजापुर को निर्देशित किया गया। ज्ञात हो कि शांति नगर मे भू जल स्तर बहुत नीचे होने के कारण बोरिंग अथवा हैण्डपंप सफल नही हो पा रहा है। वार्डवासियों को पानी की तकलीफ न हो इसलिए कलेक्टर ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सुबह 8:30 बजे तक जिला अस्पताल परिसर स्थित सामुदायिक शौचालय में ताला बंद पाया गया कलेक्टर ने संचालक को नोटिस देकर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला कार्यालय के सामने सामुदायिक शौचालय में साफ-सफाई देखने को मिला किन्तु दरवाजा इत्यादि टूट-फूट पाए जाने पर तत्काल नए दरवाजा लगाने सहित महिला शौचालय के सामने पर्दा इत्यादि लगाकर सुरक्षित रखने को कहा। नया बस स्टैण्ड स्थित यात्री प्रतीक्षालय में अनाधिकृत कब्जा कर होटल संचालित करने वाले के खिलाफ नोटिस जारी कर उनके एलाटमेंट एरिया का जानकारी लेकर उसे खाली कराने के निर्देश दिए। वहीं रैन बसेरा मे दो व्यक्ति बिना किसी परिचय पत्र जमा किए, रजिस्टर में नाम एंट्री किए बगैर विगत तीन दिन से रहना पाया गया साथ ही शिकायत एवं सुझाव पेटी नही होने पर नाराजगी जाहिर की, कलेक्टर ने रजिस्टर को जप्त कर संचालक के उपर कार्रवाई करने का निर्देश दिए, बस स्टैण्ड काम्पलेक्स संचालित दुकानदारों से उनके एलाटमेंट बिजली बिल नियमित पटाने सहित परिसर को साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिए। बस स्टैण्ड के पीछे सामुदायिक शौचालय मे एक अन्य व्यक्ति द्वारा अपने व्यवसायिक समानो को रखे जाने, नशाखोरी किए हुए स्थिति में पाए जाने पर उक्त व्यक्ति को पुलिस के हवाले किया गया। साथ ही पुलिस प्रशासन को जिले में बाहर से आने वाले, यहाँ रूकने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जांच पड़ताल करने एवं संदिग्ध पाए जाने पर उसके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान सीएमओ बीजापुर श्री जान पॉल दास सहित जिला पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### ऑनर ने एक्स9बी लॉन्च किया

**रायपुर 25 फरवरी।** ऑनर ने अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए अपनी विश्वप्रसिद्ध एक्स सीरीज़ में आज ऑनर एक्स9बी का लॉन्च किया। इस लॉन्च द्वारा ऑनर का उद्देश्य ग्राहकों को हर विशेषता में कुछ एक्स्ट्रा, जैसे अतुलनीय डिस्प्ले क्वालिटी, बेहतर बैटरी और ऑप्टिमाईज़्ड सॉफ्टवेयर परफॉर्मेंस प्रदान करना है, जो विभिन्न ग्राहकों की जरूरतों को पूरा कर सकें। ऑनर एक्स9बी 5जी के अलावा, ब्रांड ने बेहतर ऑडियो के लिए ऑनर चॉईस एक्स5, और फिटनेस ट्रैकिंग के लिए ऑनर हेल्थ ऐप के साथ ऑनर चॉईस स्मार्टवॉच के लॉन्च की भी घोषणा की, ताकि भारत में एक कनेक्टेड ईकोसिस्टम पेश किया जा सके।

## एक नजर

### कोचिए से 34 पाव देशी मदिरा मसाला जब्त



**बलौदाबाजार, 25 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अभियान सृजन के तहत चलाए जा रहे अभियान में शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 24 फरवरी को थाना सिटी कोतवाली से उप निरी लल्ला सिंह राजपुत प्र आर. अंजोर मांझी एवं पेट्रोलिंग स्टाफटीम द्वारा लोहिया नगर में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 01 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 34 पाव देशी मदिरा मसाला शराब कीमत मूल्य 3740 रूपये को जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 148/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### 20 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 25 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार पुलिस ने 20 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार 24 फरवरी को थाना पलारी से प्रधान आरक्षक 1020 रोहित सिंह आरक्षक त्रिलोकी बघेल राकेश पाटले की पुलिस टीम द्वारा ग्राम जंगलौर में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 4000 कीमत मूल्य का 20 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना पलारी में अपराध क्र.133 /2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।



### प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना: हितग्राहियों को प्रतिमाह मिलेगा 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली

**बलौदाबाजार, 25 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत शासन द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत देश के एक करोड़ घरों के छतों पर सौर पैनल स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत प्रति माह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही 78 हजार रूपये तक की अधिकतम सब्सिडी तथा सस्ते ब्याज पर लोन भी प्रदान की जाएगी। क्रेडा के जिला प्रभारी ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत शहरी स्थानीय निकायों और पंचायतों को भी अपने अधिकार क्षेत्र में छत पर सौर प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से अधिक आय, कम बिजली और नवीन रोजगार सृजन होगा तथा नवीनीकृत ऊर्जा स्त्रोत के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि छतों पर सौर पैनल स्थापना हेतु हितग्राहियों को प्राप्त होने वाले अनुदान के अंतर्गत रूफटॉप सोलर प्लांट की क्षमता 01 से 02 किलोवॉट तथा 0 से 150 यूनिट विद्युत खपत होने पर 30 हजार से 60 हजार रूपये की राशि का अनुदान प्रदान की जाएगी। इसी तरह रूफटॉप सोलर प्लांट की क्षमता 2 से 3 किलोवॉट तथा 150 से 300 यूनिट विद्युत खपत होने पर 60 हजार से 78 हजार रूपये की अनुदान प्रदान की जाएगी। इसी तरह रूफटॉप सोलर प्लांट की क्षमता 03 किलोवॉट तथा 300 यूनिट से अधिक विद्युत खपत होने पर 78 हजार रूपये की अनुदान प्रदान की जाएगी।

### विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ के तहत कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़े प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

# पीएम ने किया करोड़ों की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 25 फरवरी।** विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल कार्यक्रम शनिवार को बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के लिए दुर्गा मैदान ग्राम पंचायत सुहेला में भाटापारा विधान सभा में मंडी परिसर भाटापारा नगर, कसडोल विधानसभा में मंडी परिसर कसडोल नगर में आयोजित किया गया। जिसमें विधान सभा बलौदाबाजार मुख्य अतिथि के रूप केबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा, भाटापारा में रायपुर सांसद सुनील सोनी, कसडोल में पूर्व विधायक सनम जांगड़े जी शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने जिले को नई सौगात देते हुए 16 लाख प्रति भवन के मान से 40 गावों में महतारी सदन बनाने की घोषणा की है। महतारी सदन का संचालन महिलाओं के द्वारा ही किया जाएगा। जो पूरी तरह वाईफाई से लैस होगा। सदन में महिलाएं अपनी मीटिंग से लेकर अन्य विभिन्न गतिविधियों का संचालन कर सकती है। इसके साथ ही मंत्री ने सुहेला खल्लारी मार्ग के लिए 20 लाख, सुहेला में भारत माता चौक के लिए 5 लाख रूपये, शेड हेतु 15 लाख, मटिया में स्टेडियम के लिए 15 लाख रूपये एवं तिल्दा तथा बलौदाबाजार के स्टेडियम हेतु 5 -5 करोड़ रूपये स्वीकृत प्रदान की है। वर्मा ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ को देश का अग्रणी राज्य बनाने ''विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़'' अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों हो रहा है। यह सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री मोदी छत्तीसगढ़ की जनता को 34 हजार करोड़ रूपए से अधिक की परियोजनाओं का सौगात दिया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प के साथ आज हर घर में शौचालय, गैस कनेक्शन, मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, गरीबों को पक्का मकान दिलाने पीएम आवास, गरीब कल्याण अन्न योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ गांव, गरीब और आमजनों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में मोदी की प्रत्येक गारंटी को पूरा किया जा रहा है। सरकार बनते ही हमने सबसे पहले 18 लाख गरीब परिवारों को आवास देने का निर्णय लिया, किसानों को 2 साल का बकाया बोनस का वितरण किया और महतारी वंदन योजना के तहत आने वाले दिनों में छत्तीसगढ़ की विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 01 हजार रूपए दिया जाएगा। सरकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करने, महिलाओं को आत्मनिर्भर, एवं सशक्त बनाने के लिए हमारी सरकार पूरी संवेदनशीलता से कार्य कर रही है। अतिथियों ने विभिन्न विभागों के स्टॉल का अवलोकन कर हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। साथ ही मुख्य मंच से अतिथियों द्वारा मछलीपालन एवं पशुपालन गतिविधियों के लिए 4हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड, 3 को स्पीयर, 4 हितग्राहियों को मछली पालन किट जाल एवं आइसबोक्स 10 हितग्राहियों को उज्वला गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। साथ ही बिहान से जुड़ी हुई महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, बलौदाबाजार नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चित्तावर जयसवाल, जिला पंचायत सदस्य अदिति बघमार, मति देवांगन, सरपंच सविता वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, नरेश केसरवानी, अनिल अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एलईडी टीवी के जरिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लाईव संबोधन दिखाया गया।

- कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने दी जिले को नई सौगात, 40 गावों में 6 करोड़ 40 लाख रूपये की लागत से महिलाओं के लिए बनेगा महतारी सदन
- सुहेला खल्लारी मार्ग के लिए 20 लाख सहित अन्य विकास कार्यों की घोषणा
- अतिथियों ने विभागीय स्टॉल निरीक्षण के दौरान हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत किया सामग्री और कार्ड वितरण




उन्होंने छत्तीसगढ़वासियों को बटन दबाकर 34 हजार 427 करोड़ रूपए की 10 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास कर विकास कार्यों की बड़ी सौगात दी। इसमें 18 हजार 897 करोड़ रूपए की लागत वाली 9 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 15 हजार 530 करोड़ रूपए की एक परियोजना का शिलान्यास शामिल है। उन्होंने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण यहां के गरीबों, युवाओं और महिलाओं के आर्थिक उन्नति एवं आधारभूत संरचना के विकास से होगा और इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए प्रदेश में 34 हजार करोड़ रूपए से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जा रहा है। निश्चित रूप से इसका लाभ छत्तीसगढ़ की जनता को मिलगा। उन्होंने कहा कि सरकार का जोर अन्नदाता को ऊर्जादाता बनाने पर है इसलिए यहां पर विद्युत एवं सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं।

**मुख्यमंत्री ने 34 हजार 427 करोड़ रूपए के 10 परियोजनाओं की सौगात देने पर प्रधानमंत्री का जताया आभार:** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ के लिए 34 हजार 427 करोड़ रूपए के 10 परियोजनाओं का सौगात देने पर प्रधानमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि विकास के वादे के साथ छत्तीसगढ़ सरकार लगातार काम कर रही है। ''विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़'' के माध्यम से विकास के नए युग का शुरूआत होगा। इस अवसर पर एसडीओपी निधि नाग, एसडीएम अंशुल वर्मा, जनपद सीईओ अमित दुबे सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### देर रात मकान में लगी भीषण आग, पुलिस जांच में जुटी

# एक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 25 फरवरी।** जिला मुख्यालय के दशरमा रोड स्थित एक मकान पर देररात्री भीषण की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत और दो गंभीर रूप से घायल व एक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार आग लगने के दौरान घर मे चार लोग मौजूद थे, जानकारी मिलने के बाद घटना स्थल में पहुँचे सिटी कोतवाली थाना मैं तैनात प्रधान आरक्षक मन्नू लाल ध्रुव, देव निराला, मेघनाथ साहू ने मोहल्ले वासियों की मदद से जलते मकान में फंसे चारों लोगों को बाहर निकाला।

जिसमें जिला चिकित्सालय पहुँचते ही एक की मौत हो गई है तीन को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुँची कोतवाली पुलिस को मोहल्लेवासियों ने बताया कि मकान के बाहर की कुंडी लगी हुई थी जिस वजह से घर में फंसे चारों लोग बाहर निकल नहीं पाए। फिलहाल यह हादसा है कि कुछ और पुलिस की जांच में ही सामने आएगा।

इधर घटना में गोलू साहू उर्फ़ शानू उम्र 22 वर्ष की मौत हो गया है। वही कामता बाई साहू उम्र 45 वर्ष, रानू साहू उम्र 20 वर्ष गंभीर रूप से अस्पताल में भर्ती है, इधर 8 वर्षीय सत्य साहू खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

# सरपंच के भाई ने उजाड़ा पत्रकार के घर का छप्पर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 25 फरवरी।** बिरेझर चौकी क्षेत्र के ग्राम अंवरी के सरपंच पुनेश्वर साहू के भाई विष्णु राम साहू वल्द द्रोणाचार्य की दबंगई के चलते उसने अपने घर के सामने लगे विद्युत पोल को उखाड़ कर अपने पड़ोसी भुनेश्वर राम साहू पत्रकार के घर के सामने छप्पर को तोड़कर उसके घर के सामने गड़ाने में लगा हुआ है। यह घटना 24 फरवरी शनिवार की है। जिसके चलते सरपंच के भाई विष्णूराम साहू के समस्त परिवार द्वारा दादागिरी करते हुए भुनेश्वर साहू और उसके परिवार के साथ मारपीट किया। यही नहीं भुनेश्वर साहू द्वारा मना करने पर भी उसकी दबंगई ऐसी है कि वह उसे जान से मारने की धमकी दी है। इसके बाद विष्णुराम और उसके परिवार ने अपनी दादागिरी दिखाते हुए भुनेश्वर साहू के घर के छप्पर को शाम लगभग 5 बजे उजाड़ दिया। उक्त जानकारी भुनेश्वर साहू पत्रकार ने दी। आगे उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत बिरेझर चौकी मे की गई पुलिस द्वारा उन्हें कोई सहयोग नहीं मिला।

भुनेश्वर साहू पत्रकार ने बताया कि मेरा मकान कवेलुनुमा है। मेरे दीवार से सटाकर विष्णुराम साहू वल्द द्रोणाचार्य साहू निवासी अंवरी अपने घर के सामने पूर्व से ही लगे हुए हटाकर मेरे घर के सामने चिपका कर लगाने के लिए जमीन में खुदाई करवा रहा है। थोड़ा हटाकर खुदाई करवाओ कहने पर उनके द्वारा मुझे और मेरे परिवार को मारपीट किया। 24 फरवरी शनिवार को दोपहर 1 बजे के लगभग बिरेझर चौकी में रिपोर्ट लिखाने गया और सिविल अस्पताल कुरूद डाक्टरी मुलाएजा के लिए भी गया था। बिरेझर चौकी में रिपोर्ट होने के बाद भी उनकी



**सरपंच के भाई ने पत्रकार को जान से मारने की धमकी दी**

दबंगई कम नही हुई और शाम 5 बजे विष्णुराम और उनके परिवार के द्वारा कवेलू खप्पर बांस बल्ली आदि को तोड़कर उजाड़कर फेक दिया गया। आगे भुनेश्वर साहू ने बताया कि वह पुलिस में पुनः रिपोर्ट किया है। बिरेझर चौकी प्रभारी शोभा मंडावी ने बताया कि भुनेश्वर साहू के द्वारा रिपोर्ट किए जाने पर 294, 323, 506, 34 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। मैं कल सुबह घटनास्थल पर पहुंचकर जाकर देखती हुं। जिनके द्वारा तोड़फोड़ किया गया है उसकी धारा अलग से लगाई जाएगी और कार्यवाही किया जायेगा।


विद्युत विभाग के अभियंता दिवाकर सिंह ध्रुव ने कहा कि विद्युत पोल को गड़ाने में आपत्ति का आवेदन लगा दो रुकवा दूंगा। पुनेश्वर साहू सरपंच अंवरी ने कहा कि दोनो पक्षों को बैठकर सुलह करना चाहिए।

# रायपुर-गेवरा रोड लोकल कई माह से बंद यात्री हलाकान, पुनः चलाने की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 25 फरवरी।** रायपुर बिलासपुर सेक्शन के रेल यात्री कई माह से रायपुर गेवरारोड लोकल ट्रेन के रद्द होने से अच्छे खासे परेशान हो रहे है। लोकल ट्रेन रद्द होने से यात्रियों की तकलीफें की ओर जनप्रतिनिधियों के द्वारा कोई ध्यान नहीं देने से छोटे छोटे स्टेशनों से यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है।

दैनिक रेल यात्रा करने वाले यात्रियों से मिली जानकारी के अनुसार पिछले लगभग 6 माह से ज्यादा समय से दोपहर 1 बजकर 50 मिनट को रायपुर से गेवरा रोड के मध्य चलने वाली 08746 लोकल ट्रेन को अकारण ही रद्द कर दिया गया है, जिसके कारण उक्त ट्रेन के हजारों रेल यात्रियों को दूसरी लोकल पकड़ने



डेढ़ घंटे और इंतजार करना पड़ रहा है।इस ट्रेन में मांढर, सिलयारी, बैकुंठ, तिल्दा, हथबंध, भाटापारा, निपनिया, बिल्हा, चकरभाठा, बिलासपुर के दैनिक यात्रियों सहित गरीब मजदूर मध्यम वर्ग के लोग सफर करते है।उसी तरह गेवरा रोड से चलकर बिलासपुर होते हुए सुबह 9 बजकर 50 मिनट पर भाटापारा आने वाली 08745 लोकल ट्रेन भी रद्द रहने से यात्रीगणों को अच्छी खासी परेशानियों का सामना करने मजबूर होना पड़ रहा है।रायपुर बिलासपुर के मध्य के रेल यात्रियों को लगभग 6 माह से ज्यादा समय से उक्त दोनों लोकल ट्रेनों से वंचित होना पड़ रहा है।इन ट्रेनों के लगातार रद्द होने के कारणों का कोई खुलासा नही हो पाया है की उक्त लोकल ट्रेन लंबे समय से कयो रद्द चल रही है।रेल यात्रियों को लोकल ट्रेन की सुविधा ना मिलने से अब लोगो का गुब्बार जन प्रतिनिधियों की ओर फूट पड़ा है और जनता इस बार पूरी मानसिकता बना के चल रही है की जन प्रतिनिधियों से जनता के प्रति उनकी जवाबदेही क्या होनी चाहिए, ऐसे सवालों के साथ तैयार बैठी है।बहरहाल रायपुर गेवरा रोड लोकल ट्रेन क्यों बंद है और कब से चालू होगी, इसका जवाब के इंतजार में बैठी है।

### अब ऑनलाईन कर सकते हैं रोजगार पंजीयन

**उत्तर बस्तर कांकेर, 25 फरवरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कांकेर द्वारा प्रति माह 24 तारीख को तहसील कार्यालय पखांजूर में अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा ऑनलाईन रोजगार पंजीयन एवं नवीनीकरण का कार्य किया जा रहा था। एनआईसी रायपुर द्वारा नया सॉफ्टवेयर अपडेट किया गया है, जिसमें अधिकारी के हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि आवेदक अपना पंजीयन वेबसाईट में ऑनलाईन पंजीयन घर बैठे मोबाईल, लोक सेवा केन्द्र एवं च्वाईस सेंटर से पंजीयन का कार्य कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि तहसील कार्यालय पखांजूर में रोजगार पंजीयन हेतु अधिकारी/कर्मचारी पंजीयन कार्य के लिए उपस्थित नहीं रहेगें।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की दामाखेड़ा का नाम कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा करने की घोषणा

# कबीर सागर के निर्माण कार्य में तेजी लाने सीएम ने दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 25 फरवरी।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के दामाखेड़ा में माघपूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाले सद्गुरू कबीर संत समागम समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने दामाखेड़ा के नाम कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा करने की घोषणा किए। साथ ही पूर्व में स्वीकृत 22 करोड़ रूपये से अधिक लागत से बनने वाले कबीर सागर के निर्माण कार्य मे तेजी लाने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए है। इसके साथ ही दामाखेड़ा के 10 किलोमीटर परिधि में कोई नया औद्योगिक प्रतिष्ठान शुरू न हो इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाने की बात कही। समारोह में मुख्यमंत्री ने पंथश्री हुजूर प्रकाश मुनि नाम साहेब का स्वागत करते हुए उनसे छत्तीसगढ़ की तरक्की और खुशहाली के लिए आशीर्वाद लिया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल, सांसद सुनील सोनी, भाटापारा विधायक इंद्र कुमार साव, लुण्ड्रा विधायक प्रमोद मिंज, भाटापारा पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा ने भी गुरू का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।




धर्मगुरू पंथश्री प्रकाश मुनि नाम साहेब ने मुख्यमंत्री के रूप में पहली दफा दामाखेड़ा आगमन पर विष्णु देव साय का कबीरपंथी समाज की ओर से आत्मीय स्वागत किया। उनके सहज सरल स्वभाव की प्रशंसा करते हुए उन्हे कबीर पंथी बताया। उन्होने ने आज संत समागम में पहुंचकर दामाखेड़ा का गौरव बढ़ाया है। धर्मगुरू पंथश्री प्रकाश मुनि नाम साहेब इस मेले का महत्व एवं कबीर पंथ के इतिहास की जानकारी देते हुए बताया की 120 सालों से यह मेले का आयोजन हो रहा है। साथ ही दामाखेड़ा के आसपास स्थापित हो रहे उद्योगो खासकर स्पंज आयरन एवं बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण पर अपनी चिंता व्यक्त की।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश का मुख्यमंत्री का दायित्व मुझे मिला है इस दायित्व से जनता की सेवा और प्रदेश के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। आप सभी के विश्वास और सहयोग से प्रदेश में विकास की गंगा बहाएंगे। उन्होंने ने कहा कि बचपन से ही मेरा जुड़ाव कबीर पंथ से रहा है और चौका आरती में शामिल होते रहे है। मेरे गृह ग्राम बगिया में कबीर पंथ के मुनियों के पदार्पण हुआ है जो मेरे लिए सौभाग्य की बात है। इसके साथ ही विधानसभा क्षेत्र कुनकुरी क्षेत्र में भी कबीर पंथियों की बड़ी संख्या है। जहां भी कबीर पंथ का मेला लगता है वहां हमारे गांव के आस पास के लोग जरूर पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि एक छोटे से गांव के किसान के बेटे को आप लोगों ने मुख्यमंत्री का बड़ा दायित्व दिया है। इस चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी पर खरा उतरने में लिए आप सबकी सहयोग और मार्गदर्शन मिलता रहे। जिस प्रकार से मोदी जी की गारंटी पर विश्वास जताया है उसे आगे भी कायम रखते हुए सेवा का अवसर देते रहेंगे। हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ को विकास के पथ पर आगे ले जाएंगे। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने केवल 2 माह में ही लंबे समय से रुके बड़े बड़े काम को पूरा किया है। इस अवधि में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति, महतारी वंदन योजना तथा युवाओं की मांग पर पीएससी परीक्षा में हुए गड़बड़ी की सीबीआई जांच जैसे बड़े काम किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार विकास कार्य के लिए प्रतिबद्ध है और निरन्तर बड़े बड़े काम होते रहेंगे। उन्होंने आगें कहा धर्मनगर दामाखेड़ा कबीरपंथियों की आस्था का एक प्रमुख केन्द्र है। राज्य सरकार यहां के प्राचीन तालाब सहित संपूर्ण दामाखेड़ा के विकास के लिए वचनबद्ध है। ताकि यहां दर्शन के लिए आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालु दामाखेड़ा की मधुर स्मृति लेकर वापस लौटेंगे।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-परिवर्तित अधिकारी डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202402092100028
अ/2 वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका अनुभूति गुनी पति अरूण कुमार गुनी, निवासी वार्ड नंबर 1, खुटापारा, डोंगरगढ़, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें लेख किया गया है कि आवेदिका के स्वामित्व व आधिपत्य में ग्राम डोंगरगढ़, प.ह.नं. 21, रा.नि.मं. डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में भूमि खसरा नंबर 87/23 रकबा 0.025 हे. भूमि स्थित है। आवेदिका उपरोक्त खसरा नंबर 87/23 रकबा 0.025 हे. को अपने आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करवाना चाहता है। ग्राम डोंगरगढ़, प.ह.नं. 21, रानिमं, डोंगरगढ़ में खसरा नंबर 87/23 का रकबा 0.025 हेक्टेयर भूमि को आवासीय हेतु व्यपवर्तन कराना चाहती है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत् छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा 172 के तहत् निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 28/02/2024 तक स्वंय उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-परिवर्तित अधिकारी डोंगरगढ़ (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.....................
अ/6 वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका उत्तरा चौरसिया पति संजय चौरसिया जाति बरई निवासी खुटापारा, वार्ड नंबर 01, डोंगरगढ़ तहसील-डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदिका के द्वारा अनावेदिका से नजूल नगर डोगरगढ़ वार्ड नंबर 1 शीट क्रमांक 2 भूखण्ड क्रमांक 83/3 में से 900 वर्गफीट भूमि को विक्रयपत्र मूल्यवान 1,80,000/- रु. बैनामा दिनांक 26/09/2023 के माध्यम से क्रय किया है। आवेदिका अब उपरोक्त भूमि का एकमात्र स्वामित्व व आधिपत्यधारी है। अनावेदिका का उपरोक्त भूमि पर अब किसी भी प्रकार का कोई हक हिस्सा शेष नहीं है। आवेदिका उपरोक्त भूमि में अनावेदिका का नाम नजूल अभिलेखों में विलोपित करवा कर अपना नाम इंद्राज करवाना चाहती है। अनावेदिका (यशवंता भलावी, पति श्रीराम किशोर भलावी निवासी भगतसिंह वार्ड नंबर 18, डोंगरगढ़) के नाम से नजूल नगर डोगरगढ़ वार्ड नंबर 1 शीट क्रमांक 2 भूखण्ड क्रमांक 83/3 में से 900 वर्गफीट भूमि में अनावेदिका का नाम विलोपित कर आवेदिका का नाम नजूल अभिलेखों में दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदन पत्र के साथ विक्रय पत्र, तलवाना पेश किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा उजर आपत्ति हो तो यह पेशी दिनाँक 26/02/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 19/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी डोगरगढ़ (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202402211100059/
अ-6अ/वर्ष 2023-24
ग्राम- खोखली प.ह.नं. 41

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कविता जोधवानी पति संतोष जोधवानी निवासी टैगोर नगर रायपुर तहसील रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम खोखली प.ह.नं. 41 रा.नि.म. खोखली तहसील भाटापारा में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 783/1 रकबा 0.2430 हे. भूमि को अनावेदक अनिल पिता चैनमल किंगरानी से पंजीकृत विक्रय विलेख क्रमांक 566 दिनांक 21.06.2018 को क्रय कर काबिज चले आ रहा है। उक्त भूमि का विधिवत नामांतरण क्रमांक 24 आदेश दिनांक 25/07/2018 वर्ष 2017-18 के आधार पर आवेदिका का नाम दर्ज हो चुका था। जो वर्तमान में ऑनलाइन अभिलेख में आवेदित भूमि विक्रेता/अनावेदक अनिल किंगरानी पिता चैनमल किंगरानी का नाम दिखा रहा है। उक्त त्रुटि को सुधार कर अभिलेख दुरूस्त किए जाने हेतु न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महोदय भाटापारा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, माध्यम से इस न्यायालय के प्राप्त हुआ है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 07.03.2024 को सुनवाई हेतु नियत है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना है तो सुनवाई हेतु नियत दिनांक 07.03.2024 तक स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से नियत समय व स्थान में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त/दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 19.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार भाटापारा (छ.ग.)

## एक नजर

### चक्काजाम करने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**रायपुर, 25 फरवरी।** ग्राम ताराशिव नेवरा में रोड पर बांस बल्ली लगाकर आवागमन में बाधा पहुंचाने वाले अज्ञात आरोपियों के खिलाफनेवरा पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अर्जुन जैन 23 वर्ष जैन मंदिर रोड भिलाई का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात व्यक्तियों ने महिला की मृत्यु होने पर एक राय होकर ग्राम ताराशिव के पास मेन रोड पर बांस बल्ली लगाकर आवागमन में बाधा पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफधारा 147, 341, 149 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 25 फरवरी।** कोटा कालोनी में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कुनाल परघनिया 24 वर्ष कोटा कालोनी का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलआर 3926 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सटोरिया चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रायपुर, 25 फरवरी।** देवेन्द्र नगर पुलिस ने ई-रिक्शा में सट्टा खिलाते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 1450 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पंडरी गंगानगर में दबिश देकर ई-रिक्शा में सट्टा खिलाते आरोपी कृष्ण कुमार 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 1450 रुपए जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आारोपी के खिलाफजुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### खुलेआम शराब पीते 32 पकड़ाए

**रायपुर, 25 फरवरी।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफअभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 32 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने भंसाली गली के पास खुलेआम शराब पीते आरोपी शिवा कुमार डुप्कौरा 30 वर्ष व सुनील त्रिपाठी 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मोवा पुलिस ने आरोपी ओम प्रकाश साहू 27 वर्ष, दिलीप कुमार यादव 32 वर्ष व बसंत कुमार यादव 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मोवा पुलिस ने आरोपी डोमार सिंह नेताम 55 वर्ष, रजउ ध्रुव 44 वर्ष, चमन लाल साहू 25 वर्ष व भीमा मण्डावी 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गोलबाजार पुलिस ने आरोपी राधेश्याम पाण्डे 24 वर्ष व बलवंत साय 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गंज पुलिस ने आरोपी सुभम जज्ञासी 25 वर्ष एवं राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी कुलदीप वर्मा 35 वर्ष व महेश गिरी 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह सेजबहार पुलिस ने आरोपी मनोज कुमार वर्मा 55 वर्ष, लवकुश साहू 23 वर्ष, जीवन लाल साहू 43 वर्ष, सूरज साहू 32 वर्ष व हेमनाथ साहू 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी ओम नारायण साहू 31 वर्ष, खरोरा पुलिस ने आरोपी हेम कुमार देवांगन 32 वर्ष एवं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी राधेश्याम यादव 29 वर्ष, मनोहर कुमार धीवर 25 वर्ष व रोहित महतो 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आरंग पुलिस ने आरोपी पवन कुमार सोनकर 32 वर्ष, महेश कुमार कन्नौजे 36 वर्ष व शिव कुमार साहू 58 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह अभनपुर पुलिस ने आरोपी संजय गिलहरे 22 वर्ष व डुमेश धीवर 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं माना पुलिस ने आरोपी हेमंत सिंह नेताम 24 वर्ष व माधव प्रसाद साण्डे 22 वर्ष एवं तोरण निषाद 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### अवैध शराब परिवहन करते दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 25 फरवरी।** सिविल लाइन पुलिस ने स्कूटी में अवैध शराब परिवहन करते दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 12 बॉटल अंग्रेजी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस के टीम ने सूर्या अपार्टमेंट के पास स्कूटी सवार आरोपी चंचल यादव व एक अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से स्कूटी व 12 बॉटल अंग्रेजी शराब जब्त की है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### निधन

**रामचंद्र मित्तल**



रायपुर, 25 फरवरी। आंचलिक अग्रवाल महासभा सरायपाली, झारबंद के पूर्व महामंत्री, कविता नगर(अवंति विहार)रायपुर, निवासी रामचंद्र मित्तल (82 वर्ष)सरायपाली वाले का निधन हो गया है। वे संजय मित्तल के पिताजी, कान्हा एवं अनुज के दादाजी व पवन अग्रवाल(दुर्गा मेडिकल) एवं मनोज मित्तल के चाचाजी थे। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान पी-15 कविता नगर से निकली तथा मारवाड़ी मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया गया।

# समन्दर की गलतफहमी से कोई पूछ तो लेता जमीं का हौसला क्या ऐसे तूफानों से कम होगा



सोनिया गांधी राजस्थान से राज्यसभा के लिये चुनी गई हैं।अब तक सिर्फ दो मौके ऐसे आए हैं, नेहरू-गांधी परिवार राज्यसभा में पहुंचे। पहला मौका 1962 मेंऔर दूसरा1964 में आया था।1962 में परिवार से संबंध रखनेवाली उमा नेहरू रास सदस्य बनी थीं।उमा का कार्यकाल ही1962-1963 में रहा था।वहीं, 1964 में इंदिरा गांधी भी राज्यसभा पहुंची।इंदिरा गांधी1964 से1967 तक राज्यसभा सदस्य रहीं।दोनों नेताओं ने रास में उप्र का प्रतिनिधित्व किया था।इंदिरा पहली बार पीएम बनीं, उस वक्त वह राज्यसभा की ही सदस्य थीं।1967 के लोकसभा चुनाव रायबरेली सीट से लड़ा और जीत दर्ज की। बाद में रास की सदस्यता छोड़ दी।1967 के बाद इंदिरा लगातार लोकसभा का चुनाव ही जीतती रहीं, निचले सदन में पहुंचती रहीं।1977 की जनतालहर में इंदिरा को रायबरेली से हार मिली तो कर्नाटक की चिकमंगलूर सीट से उप चुनाव जीता, एक बार फिर लोकसभा पहुंच गईं।1980 में जब इंदिरा फिर से पीएम बनीं तो वह आंध्रप्रदेश की मेंडक सीट से सांसद थीं।1980 में इंदिरा को मेंडक के साथ रायबरेली सीट पर भी जीत मिली थी।रास पहुंचने वाली नेहरू-गांधी परिवार की दूसरी सदस्य उमा नेहरू, जवाहर लाल नेहरू के चचेरे भाई शाम लाल की पत्नी थीं, उमा के पोते अरुण नेहरू, राजीव सरकार में मंत्री रहे थे।उमा और शामलाल के दो बच्चे हुए श्याम कुमारी, आनंद।अरुण नेहरू, आनंद के बेटे थे।उमा पहली और दूसरी लोकसभा में सीतापुर सीट



से सांसद रही हैं, 62 में वह राज्यसभा की सदस्य बनी थीं।रास सचिवालय कीओर से 2003 में जारी किताब वुमन मेंबर्स ऑफराज्य सभा में बताया गया है कि उस वक्त जितनी महिलाएं राज्यसभा पहुंची उनमें उमा सबसे उम्रदराज महिला थीं, 1962 में जब वह राज्य सभा की सदस्य बनीं उस वक्त उनकी उम्र 78 साल थी।हालांकि, एक साल बाद ही अगस्त1963 मेंउमा का निधन हो गया।

### भाजपा के 303 सांसदों में 67 तो मूल कांग्रेसी?

भाजपा अभी से दावा कर रही है कि अबकी बार 400 पारज्यानि 2024 के लोस चुनाव में भाजपा को 370 और सहयोगी दलों के गठ बंधन को 400 से अधिक सीटों पर जीत मिलेगी।कभी भाजपा के मप्र, छ्ग के विधायक और संसदीय सचिव रहे वीरेंद्र पांडे ने जानकारी साझा की है कि अभी लोकसभा में भाजपा के 303 सदस्यों में से मूल भाजपा के केवल 134 ही सांसद हैं।169अन्य पार्टी से भाजपा में आकर कमल निशान से सांसद बने हैं।

उसमें से 67 तो काँग्रेस से आए हुए हैं।मतलब मूल भाजपा केसांसदों संख्या से आधी काँग्रेस से आयातित की है।भाजपा के सांसदों में मूल भाजपाई की संख्या से अधिक बाहर से पार्टी में आये घुसपैठिये, आमंत्रित या शरणार्थी कुछ भी कहें, की है।जिस रफ्तार से अन्य पार्टी के नेताओंको भाजपा में प्रवेश कराकर प्रतिष्ठित किया जा रहा है, उससे अनुमान लगाया जा सकता है कि चुनाव में मोदी-शाह के अलावा ऊंगलियों में गिनने लायक भाजपा सांसद ही संसद में होंगे।कुछ तो पार्टी में आते ही रास सदस्य बन गये हैं।भाजपा में निष्ठावान कार्य कर्त्ताओं की उपेक्षा कर आयातित लोगों को महत्व दिया जा रहा है?




### लोस चुनाव:भाजपा कांग्रेस की चिंता...



छ्ग की 11लोकसभा सीटों के लिये भाजपा के 9सांसद चिंतित हैं कि उन्हें फिर से टिकट मिलेगी या नहींज.. क्योंकि 2019 में भाजपा ने सभी सांसदों की टिकट काट दी थी, मौजूदा लोकसभा में से 3अरुण साव, रेणुका सिंह तथा गोमती साय तो विधायक बन चुके हैं वहीं बाकी में कुछ को टिकट मिलेगी ऐसा लगता नहीं हैज?वैसे सरोज पांडे भी रास में पुनः नहीं जा पाई हैं।उनका दावा तो बनता है।इधर कांग्रेस से ज्योत्सना महंत को टिकट मिलेगी यह तय माना जा रहा है, पीसीसी अध्यक्ष सांसद दीपक बैज तो विस चुनाव हार चुके हैं उन्हें प्रत्याशी बनाया जाएगा ऐसा लगता तो नहीं है?भूपेश बघेल, टीएस बाबा चुनाव लड़ना नहीं चाहते हैं, ताम्रध्वज साहू जरूर लोस चुनाव लड़ना चाहते हैं, पर विस चुनाव में हार से उनका दावा भी कमजोर है।वैसे भाजपा की तरह कांग्रेस भी नये उम्मीदवारों को उतारेगी ऐसी संभावना है।

### पक्षियों की प्रजातियों का होगा सर्वे...

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में पक्षियों की प्रजातियों का सर्वे, बर्ड काउंटइंडिया बर्ड एंड वाइल्ड लाइफछ्ग के साथ मिलकर यह सर्वे 25 से 27 फरवरी तक किया जा रहा है, नक्सल प्रभावित बस्तर जिले में स्थित इस राष्ट्रीय उद्यान में होने वाले सर्वेक्षण में 9 राज्यों के 70 से अधिक विशेषज्ञ शामिल होंगे।200 वर्ग किमी में फैला



यह अपनी प्राकृतिक सुंदरता, जैव विविधता, गुफाओं के लिए प्रसिद्ध है, इसमें भारत के पश्चिमी घाट, पूर्वी हिमालय में पाए जाने वाले पक्षी भी रहते हैं।पिछले साल इसी तरह का एक सर्वेक्षण किया गया था जिसमें पक्षियों की 201 प्रजातियां की पहचान की गई थी।पहाड़ी मैना, ब्लैक हुडेड, ओरियोल भृंगराज, जंगली मुर्गी, कठफोड़वा, रैकेट टेल, सरपेंटाईगर, आदि शामिल हैं।

### और अब बस...

- केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) छ्ग में भी जांच कर सकेगी।प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार ने करीब पांच साल पहले लगी रोक वापस ले ली है।
- छ्ग में तबादला, नियुक्ति के लिये ऊपर से दबाव बनाने की बात लोग करते हैं पर ऊपर कौन है इसी का पता नहीं है?
- विष्णुदेव सरकार में किस राजपरिवार के सदस्य की जमकर चल रही है?

# सामाजिक भवन के लिए जमीन और 10 लाख रुपए की घोषणा

**रायपुर, 25 फरवरी।** शाकम्भरी देवी को देवी दुर्गा का अवतार माना जाता है। उन्हें वनस्पतियों की देवी के रूप में पूजा जाता है। शाकम्भरी महोत्सव वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। यह एक समय है जब लोग देवी शाकम्भरी से आशीर्वाद मांगते हैं। यह बात धर्मस्व मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने अभनपुर के खारपा में आयोजित शाकम्भरी महोत्सव को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ कोसरिया मरार पटेल समाज द्वारा किया गया था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि वनस्पति फल और जड़ी बूटियों की देवी शाकम्भरी हमें शक्ति और स्वस्थ जीवन देती है। उन्होंने अपने संबोधन में यह भी कहा कि, अयोध्या में राम लला आ गए हैं। अब राम राज्य आने से कोई नहीं रोक सकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी गरीबों, महिलाओं, युवाओं, किसानों सभी का ख्याल रखते हैं। उन्होंने गरीबों को आवास योजना के तहत मकान, नल से जल, मुफ्त गैस कनेक्शन, महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना के तहत 1000 रुपए प्रति माह, किसानों के लिए 3100



रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी और युवाओं के लिए स्किल इंडिया के माध्यम से रोजगार के नए अवसर प्रदान किए है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि आज से पुनः एक बार राजिम में कुंभ कल्प का आयोजन शुरू हो गया। जिसमें देशभर से साधु संत, महामंडलेश्वर शामिल हो रहे है। उन्होंने लोगों को राजिम कुंभ कल्प में आने का निमंत्रण दिया और संतों का आशीर्वाद लेने की बात कही। श्री अग्रवाल ने समाज के भवन के लिए जमीन और 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर निःशुल्क सब्ज़ी वितरण भी किया गया। साथ ही समाज के प्रतिभाशाली युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

पौराणिक मान्यता- पौराणिक मान्यता के अनुसार आज ही के दिन भगवान शंकर ने माता अन्नपूर्णा से भिक्षा मांगी थी, आज ही मां शाकम्भरी जयंती है। मां दुर्गा ने पृथ्वी पर अकाल और गंभीर खाद्य संकट से निजात दिलाने के लिए शाकम्भरी का अवतार लिया था। इसलिए इन्हें सब्जियों और फलों की देवी के रूप में भी पूजा जाता है।

# सिंधी समाज का प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिला

**रायपुर, 25 फरवरी।** चेट्रीचंड्र महोत्सव समिति का एक प्रतिनिधि मण्डल प्रदेश के सिंधी समाज की ओर से अमर पारवानी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर पुनः उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। साथ ही छत्तीसगढ़ सिंधी समाज की ओर से 5 मार्च को आयोजित अभिनंदन समारोह में माननीय मुख्यमंत्री जी का नागरिक अभिनंदन किया जाना है जिसके लिये उन्हें सादर आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा जी भी विशेष रूप से मौजूद थे। अमर पारवानी ने माननीय मुख्यमंत्री जी को समस्त सिंधी समाज की भावना से अवगत कराते हुए विशेष रूप से कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्तर पर गरिमामयी स्वरूप देने की बात कही। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ सिंधी समाज के आमंत्रण को स्वीकार करते हुए 5 मार्च 2024 को अभिनंदन समारोह में शामिल होने की स्वीकृति प्रदान की। छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त सिंधी समाज में मुख्यमंत्री के स्वागत अभिनंदन किए जाने की खबर से गजब का उत्साह है।



प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से अमर पारवानी, शंकर बजाज, सतीश थौरानी, महेश पृथ्वानी, सतीश छुगानी मौजूद रहे।

## चेम्बर के आजीवन सदस्यता प्रमाण पत्र एवं परिचय पत्र वितरण के लिए टीम का गठन

रायपुर, 25 फरवरी। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी के दिशा-निर्देशानुसार चेंबर महामंत्री अजय भसीन द्वारा चेंबर सदस्यता प्रमाण पत्र एवं परिचय पत्र वितरण हेतु रायपुर सहित प्रदेश इकाइयों में टीम का गठन किया गया है। टीम के सदस्यों द्वारा चेम्बर की सदस्यता ग्रहण कर चुके नवीन व्यापारियों को यथासंभव उनके व्यापारिक प्रतिष्ठानों तक पहुंचकर सदस्यता प्रमाण पत्र एवं परिचय पत्र मुहैया कराएगी। चेम्बर से जुड़े नवीन सदस्य इस संबंध में चेंबर के नंबर 9340389971 पर संपर्क कर सकते हैं या चेंबर भवन जाकर सर्टिफिकेट प्राप्त कर सकते हैं।

# पीएम मोदी का पत्र घर-घर पहुंचाने कार्यकर्ता तैनात: बजाज

**रायपुर, 25 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी के लाभार्थी संपर्क अभियान को लेकर विप्र भवन नवापारा में आयोजित मण्डल स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रायपुर लोकसभा क्षेत्र के चुनाव संयोजक अशोक बजाज ने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत रायपुर लोकसभा क्षेत्र के लगभग 12000 चयनित कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पत्र पहुँचाने घर घर जायेंगें। उन्होनें कहा कि 1 मार्च से 4 मार्च तक चलने वाले इस अभियान के माध्यम से भाजपा का जनसमर्थन बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। लोकसभा चुनाव में भाजपा को अप्रत्याशित बढ़त मिलेगी। आज की कार्यशाला में मण्डल अध्यक्ष उमेश यादव, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रकला ध्रुव, अशोक नागवानी, नत्थूराम साहू एवं नवलकिशोर साहू आदि कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## पैसेंजर ट्रेनों के किराये में बड़ी कटौती

**रायपुर, 25 फरवरी।** लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र की मोदी सरकार ने आम लोगों को बड़ी राहत दी हैं। दरअसल भारतीय रेलवे ने पैसेंजर ट्रेनों (लोकलट्रेन) में यात्रा करने वाले सवारियों के किराये में कटौती कर दी हैं। कोरोना काल के समय पैसेंजर ट्रेनों में बढ़ाया गया किराया अब कम किया गया है। अभी तक पैसेंजर ट्रेन में एक्सप्रेस ट्रेन का किराया लिया जा रहा था, लेकिन अब कोरोना काल से पहले वाला किराया लागू कर दिया गया है। अभी तक यात्रियों को पैसेंजर ट्रेन की तुलना में दो से तीन गुना किराया देना पड़ रहा था। गौरतलब हैं कि रायपुर से कम दूरी तक सफर करने वाले ट्रेनों के किराये कोरोना काल में दोगुने और तीन गुना कर दिया गया था। यानी रेलवे दस रुपये की टिकट की बिक्री 30 और 35 रुपये तक कर रही थी। लेकिन अब बड़ा फैसला लेते हुए रेलवे ने पुराने दरों को लागू कर दिया हैं।

# स्मिता सिंह भारत गौरव से सम्मानित




**रायपुर, 25 फरवरी।** शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ की संस्थापिका स्मिता सिंह को उनके द्वारा किए जा रहे बाल हृदयरोगी मरीजों के लिए उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए नई दिल्ली के कंन्सटीयुशन क्लब आफ इंडिया सभागार में सांसद बृजमोहन जी द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डाक्टर पुष्पेन्द्र पुष्पेन्द्र सिंह( लाजिस्टिक्स इंडस्ट्री ) व नेशनल हयूमन वेलफेयर कांउसिल के संयोजक गुंजन मेहता व तरुण निहाल के द्वारा आयोजित किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि झारखंड सांसद बृजमोहन उद्योगपति बोधराज सीकरी, संत त्रिलोकी, प्रख्यात रंगकर्मी राहुल गुज्जर प्रख्यात फिल्म अभिनेता व टेलीविजन अदाकार अखिलेंद्र मिश्रा आदि के आतिथ्य में संपन्न हुआ। आयोजन में भारत के विभिन्न क्षेत्रों से सराहनीय सामाजिक कार्य करने वाले समाजसेवियों का सम्मान किया गया।

# महिला महाविद्यालय में मनाया गया हॉस्टल डे

**रायपुर, 25 फरवरी।** शासकीय दूब महिला महाविद्यालय के छात्रावास में हॉस्टल डे मनाया गया। इसमें नव प्रवेशित छात्राओं का स्वागत, अंतिम वर्ष की छात्राओं की विदाई तथा छात्रावास में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

प्राचार्य डॉ किरण गजपाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि हॉस्टल डे में पुरस्कार प्राप्त छात्राओं को मैं बधाई देना चाहती हूं। हॉस्टल में आप सबका व्यक्तित्व विकास होता है, आप सहभागिता सीखते हैं, सामंजस्य सीखते हैं और अन्य कौशल सीखते हैं। जब आप यहां आते हैं तो आपमें झिझक होती है पर यहां रहकर आपमें कई गुणों का विकास होता है और आपके व्यक्तित्व में निखार आ जाता है। छात्रावास प्रभारी डॉ प्रीति शर्मा ने कहा कि आप सब यहां पर एक परिवार की तरह रहते हैं, हर छोटी बड़ी खुशियों और दुख के साझेदार होते हैं जिससे आप संयम, अनुशासन,



माता पिता के प्रेम को दूर रहकर समझते हैं। हॉस्टल के सह प्रभारी डॉ सरिता दुबे और डॉ अलका तिवारी ने भी सबको शुभकामनाएं दीं। छात्रावास की अध्यक्ष रश्मि वर्मा ने सफल संचालन किया और अपने श्रेष्ठ कार्य हेतु उन्हें पुरस्कृत किया गया। उपाध्यक्ष सरिता सिन्हा भी सम्मानित हुईं। भावना नायक आरडीसी परेड में सम्मिलित होने के लिए पुरस्कृत हुईं। इस अवसर पर हॉस्टल की छात्राओं ने नृत्य, गीत और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं ऑफिस कर्मचारियों के अतिरिक्त हॉस्टल मैनेजर नेताम जी, ओमेश्वरी, चंपेश्वरी, लीलागर, दाओलाल एवं अन्य कर्मचारी विशेष रूप से कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26